दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 26 अक्टूबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 307 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निरीक्षण

### प्रधानमंत्री मोदी 30 को कर सकते हैं उद्घाटन



ग्रेटर नोएडा। करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यानि शनिवार को जेवर में बन रहे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे ग्रेटर नोएडा के यीडा सिटी में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने चल रही तैयारियों का जायजा ले रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 अक्टूबर को एयरपोर्ट का उद्घाटन कर सकते है।

मुख्यमंत्री योगी दोपहर में राजकीय विमान से हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे। जहां से वह सड़क मार्ग से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आए। उन्होंने अधिकारियों के साथ तैयारियों का निरीक्षण करने के बाद एक समीक्षा बैठक भी की।


# A New Chapter in Healthcare of India

1st Time World Class Technology in India

WE CORDIALLY INVITE YOU TO THE

# INAUGURATION

CEREMONY OF

# YASHODA MEDICITY

On Sunday, 26th October, 2025
Indirapuram, Ghaziabad



**Smt. Draupadi Murmu**
Hon'ble President of India
(Chief Guest)



**Sh. Yogi Adityanath**
Hon'ble Chief Minister of Uttar Pradesh



**Sh. Rajnath Singh**
Hon'ble Union Minister of Defence of India



**Sh. Brijesh Pathak**
Hon'ble Deputy Chief Minister of Uttar Pradesh



**Smt. Anupriya Patel**
Hon'ble Union Minister of State for Health and Family Welfare




YASHODA MEDICITY
INDIRAPURAM

JOIN US IN THE JOURNEY TO REVOLUTIONIZE HEALTHCARE!

Yashoda Medicity, Shakti Khand-2, Indirapuram, Ghaziabad
Emergency 8800811811 • 0120-4869900
ym@yashodahospital.org • www.yashodahospital.org

: YashodaMedicity-GroupofHospitals
: yashodamedicity.grpofhospitals
: @yashodamedicity

# आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शुरू, चार दिन तक उत्सव की रहेगी धूम




**नई दिल्ली।** आस्था का महापर्व छठ 25 अक्तूबर से नहाय-खाय के साथ शुरू हो रहा है। शहर में रहने वाले पूर्वांचल, बिहार और छत्तीसगढ़ के निवासियों में छठ पर्व को लेकर खासा उत्साह है। सूर्यदेव और छठी माता के पूजन के इस महापर्व पर सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बदरबाग, टीकाराम मंदिर, क्वार्सी, कुलदीप बिहार, सारसौल, सासनीगेट सहित कई स्थानों पर अस्थाई तालाब का निर्माण कराया गया है।

इन्हीं तालाबों में अस्त होते सूर्य और उदय होते सूर्य को व्रती महिलाएं अर्घ्य देंगी। टीकाराम मंदिर के पुजारी राजू पंडित ने बताया कि पहले दिन व्रती महिलाएं चने की दाल, लौकी और भात प्रसाद में ग्रहण करेंगी। दूसरे दिन खरना होगा। इस दिन गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण किया जाएगा। इसी के साथ लगातार 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ होगा। तीसरे दिन अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। चौथे दिन उदय होते सूर्यदेव को अर्घ्य देने के साथ व्रत का परायण होगा।

**छठ पूजा पर सुरक्षा व्यवस्था को चलाया चेकिंग अभियान**

### छठी माई के करब हम बरतिया...

लोक आस्था का महापर्व छठ लोकगीतों के बिना अधूरा है। रेलवे ने छठ के इस अवसर को इन लोकगीतों के प्रसारण से और भी खास बना दिया है। मंगीला हम वरदान हे गंगा मइया..., छठी माई के करब हम बरतिया..., कांच ही बांस के बहंगिया...,केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव..., पहिले- पहिल हम कईनी छठ के बरतिया..., पटना के घाट पर हमहूं अरगिया देहब हे छठी मैया... जैसे छठ पूजा के लोकगीत शुक्रवार को अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर दिन भर गूंजते रहे।

महिला यात्रियों को इन गीतों को गुनगुनाते हुए भी देखा जा सकता है। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे का यह प्रयास पहली बार लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर यात्रियों के मन को छूने वाला अनुभव बन रहा है, बल्कि उन्हें बिहार की सोंधी संस्कृति से भी जोड़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज मंडल के अलीगढ़ समेत 39 स्टेशनों पर स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से छठ के गीतों के प्रसारण के साथ यात्रियों का स्वागत किया जा रहा है।

छठ पूजा पर घर जाने वाले यात्रियों के सकुशल सफर के लिए शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर अभियान चलाकर जागरूक किया गया।

> छठ पर नदी, तालाब, जलाशय में अर्घ्य देने की परंपरा है, इसलिए लोगों का जुड़ाव नदियों से होता है। छठ महापर्व लोगों को प्रकृति के करीब ले जाने का पर्व है।
> –शकुंतला देवी
>
> छठ महापर्व पर सफाई की का विशेष ध्यान दिया जाता है, इसलिए प्रसाद की तैयारियों में व्रती महिलाएं खास ध्यान रखती हैं। ठेकुआ के प्रसाद की विशेष महत्ता रहती है।
> – सुनीता देवी
>
> छठ महापर्व पूरी धरती को अपने प्रकाश से आलोकित करने वाले सूर्यदेव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ प्रकृति के संरक्षण का भी सभी संकल्प लेते हैं।
> – सुधा झा
>
> छठ महापर्व में बांस से बनी डलिया सूर्यदेव को अर्घ्य देने के उपयोग में लाई जाती है। इसमें ठेकुआ, गन्ना, सिंघाड़ा, मूली, शकरकंद, मौसमी सब्जियां और फल होते हैं।
> –नीलिमा चौधरी

# तमिलनाडु में अगले हफ्ते शुरू होगा मतदाता सूची पुनरीक्षण, चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट को दी जानकारी




**नई दिल्ली।** बिहार के बाद अब तमिलनाडु में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेसिव रिवीजन) कराने की तैयारियां कर ली गई हैं। निर्वाचन आयोग ने मद्रास हाईकोर्ट को जानकारी दी है कि वह तमिलनाडु समेत चुनावी राज्यों में एसआईआर का अभियान अगले हफ्ते से शुरू करेगा।

चुनाव आयोग ने मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और जस्टिस जी. अरुलमुरुगन की बेंच को बताया कि बिहार की तरह ही यह प्रक्रिया तमिलनाडु में भी हफ्ते भर के अंदर शुरू की जाएगी।

**निर्वाचन आयोग ने दिया एसआईआर के जरिए जांच का भरोसा**

### एआईएडीएमके नेता की शिकायत को भी देखा जाएगा

हाईकोर्ट को ईसी की तरफ से यह जानकारी ऐसे समय में दी गई है, जब ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम (एआईएडीएमके) पार्टी के पूर्व विधायक बी. सत्यनारायणन की याचिका पर सुनवाई जारी है। पूर्व विधायक का आरोप है कि चेन्नई के टी. नगर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव अधिकारियों ने लगभग 13,000 एआईएडीएमके समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए। याचिकाकर्ता के अनुसार, 1998 में क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 2,08,349 थी, जबकि 2021 तक यह केवल 36,656 बढ़ी। उन्होंने कहा कि जनसंख्या और मतदाता संख्या में बड़ा अंतर है। उनका यह भी आरोप है कि जहां 13,000 समर्थकों के नाम हटा दिए गए हैं, वहीं मृत व्यक्तियों के नाम अब भी सूची में बने हुए हैं।ह्व सत्यनारायण का आरोप है कि इससे द्रविड़ मुनेत्र कझगम (द्रमुक) को फायदा हुआ। पूर्व विधायक ने अदालत से अपील की कि 2026 विधानसभा चुनावों से पहले टी. नगर निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची का पूर्ण पुनरीक्षण किया जाए और गलत एंट्रीज को हटाकर अंतिम सूची जारी की जाए।

निर्वाचन आयोग ने अदालत को भरोसा दिया कि प्रस्तावित एसआईआर के दौरान याचिकाकर्ता की शिकायत पर विचार किया जाएगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की मांग स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई अगले हफ्ते तक के लिए स्थगित कर दी और आयोग को निर्देश दिया कि बिहार एसआईआर से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की कॉपी पेश की जाए।

# बिहार चुनाव : चार सीटों पर राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी आमने-सामने

## किसके लिए वोट मांगेंगे राहुल-तेजस्वी?



**पटना।** महागठबंधन में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री चेहरे की घोषणा हो गई। सीएम फेस बने तेजस्वी यादव चुनाव प्रचार में भी निकल गए। वह ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। लेकिन, एक सवाल अब भी बना हुआ कि जिन सीटों पर राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी आमने-सामने हैं, वहां पर कांग्रेस में नंबर वन की हैसियत वाले राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव किसके समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे? दूसरे चरण के चुनाव में चार विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी मैदान हैं। वहीं दो सीटों में से एक पर राजद- वीआईपी और दूसरे पर कांग्रेस-सीपीआई आमने सामने है। आइए पहले इन सीटों के बारे में जानते हैं...

**सुल्तानगंज विधानसभा सीट :** यहां पर राजद के चंदन सिन्हा का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी ललन यादव से है। वहीं एनडीए ने जदयू के उम्मीदवार ललित नारायण मंडल को चुनावी मैदान में उतारा है।

**कहलगांव विधानसभा सीट :** यहां पर राजद के रजनीश भारती का मुकाबला कांग्रेस के प्रवीण कुशवाहा से है। वहीं एनडीए ने जदयू के उम्मीदवार शुभानंद मुकेश को चुनावी मैदान में उतारा है।

**सिकंदरा विधानसभा सीट :** यहां पर राजद के उदयनारयण चौधरी का मुकाबला कांग्रेस के विनोद चौधरी से है। वहीं एनडीए ने हम के उम्मीदवार प्रफुल्ल मांझी को चुनावी मैदान में उतारा है।

**नरकटियागंज विधानसभा सीट :** यहां पर राजद के दीपक यादव का मुकाबला कांग्रेस के शाश्वत केदार पांडेय से है। वहीं एनडीए ने भाजपा के संजय पांडेय को टिकट दिया है।

**चैनपुर विधानसभा सीट :** यहां पर राजद के ब्रिज किशोर बिंद का मुकाबला वीआईपी के गोविंद बिंद से है। वहीं जदयू ने जमा खान को चुनावी मैदान में उतारा है।

**करगहर विधानसभा सीट :** यहां पर कांग्रेस के संतोष मिश्रा का मुकाबला सीपीआई के महेंद्र गुप्ता से है। वहीं एनडीए ने जदयू के वशिष्ट सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है।

राजनीतिक पंडितों का कहना है कि छठ के बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का चुनाव प्रचार शुरू होने जा रहा है। जाहिर सी बात है कि यह लोग कांग्रेस और महागठबंधन के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

# दिल्ली के सभी स्कूलों में कक्षा 1 प्रवेश के लिए 6 वर्ष की आयु लागू होगी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से राजधानी के स्कूलों में पहली कक्षा में प्रवेश की न्यूनतम आयु 6 वर्ष निर्धारित करने का बड़ा निर्णय लिया है।

यह बदलाव नई शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप किया गया है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय द्वारा एक आधिकारिक सर्कुलर भी जारी किया गया है।

सरकार के इस कदम का उद्देश्य दिल्ली की स्कूली शिक्षा प्रणाली को एनईपी के 5+3+3+4 ढांचे के अनुरूप बनाना है, जो अब देश भर में लागू किया जा रहा है। इस ढांचे के तहत स्कूल शिक्षा को चार चरणों में विभाजित किया गया है:

5 वर्ष की फाउंडेशनल स्टेज
3 वर्ष की प्रिपरेटरी स्टेज
3 वर्ष की मिडल स्टेज
4 वर्ष की सेकेंडरी स्टेज

क्या होगा नया बदलाव? सर्कुलर के अनुसार, बच्चों को अब तीन वर्ष की आयु में नर्सरी (जिसे 'बाल वाटिका' भी कहा जाता है) में प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद चार वर्ष की आयु में लोअर केजी और पांच वर्ष की आयु में अपर केजी में एडमिशन मिलेगा। अंततः जब बच्चा 6 साल का हो जाएगा, तभी उसे पहली कक्षा (क्लास 1) में प्रवेश दिया जाएगा।

सरकार का कहना है कि यह नया ढांचा बच्चों की मानसिक, शैक्षणिक और सामाजिक विकास के अनुकूल है। इससे उन्हें मजबूत आधार मिलेगा और स्कूल के उच्च कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन की संभावना बढ़ेगी।

**किन स्कूलों पर लागू होगा यह नियम? :** यह नया नियम दिल्ली के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों पर लागू होगा। स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे समय रहते इस नई संरचना और आयु मानदंड को अपनाएं।

### जनता से मांगे गए सुझाव

दिल्ली सरकार ने इस प्रक्रिया को सहभागी बनाने के उद्देश्य से अभिभावकों, शिक्षकों, छात्रों, स्कूल प्रबंधन, विषय विशेषज्ञों और आम नागरिकों से 10 जुलाई 2025 तक सुझाव मांगे हैं।

सरकार चाहती है कि इस बदलाव को लागू करने से पहले विभिन्न वर्गों की राय को भी ध्यान में रखा जाए।

# 'लालू-राबड़ी की वापसी मतलब फिर से जंगलराज! विकास ही हमारा लक्ष्य', खगड़िया में गरजे अमित शाह



**खगड़िया।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खगड़िया में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को छठ पर्व के अवसर पर संबोधित करते हुए बिहार के विकास और सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार कभी जंगलराज का शिकार नहीं होगा और बहू-बेटियां सुरक्षित रहेंगी। अमित शाह ने कहा, ऱमैं छठ मैया से यही प्रार्थना करता हूं। मुझे लगा था कि छठ पर्व के बीच कौन आएगा, लेकिन पूरा पंडाल भर गया है।

**'घोटालों के रिकॉर्ड वाले लोग महागठबंधन में'**

**'यह चुनाव बिहार में विकास की दिशा तय करने वाला' :** अमित शाह ने स्पष्ट किया कि यह चुनाव विधायक या मुख्यमंत्री चुनने का नहीं, बल्कि बिहार में विकास की दिशा तय करने वाला है। उन्होंने कहा, लालू-राबड़ी की सरकार आई तो जंगलराज वापस आएगा, वहीं एनडीए की सरकार आई तो विकसित बिहार पूरे भारत में अपना डंका बजाएगा।

**चुनावी माहौल गरमा गया :** शाह ने महागठबंधन सरकार पर कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लालू यादव ने ह्ललैंड फॉर जॉबह्व और ह्वअलकतराह्व जैसे बड़े घोटाले किए हैं। उन्होंने कांग्रेस के दस साल के शासनकाल को भी घोटालों से भरा बताया। शाह ने आरोप लगाया कि बिहार और केंद्र में घोटालों के रिकॉर्ड वाले लोग महागठबंधन में हैं, जो बिहार के विकास का बीड़ा कभी उठा नहीं सकते। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि बिहार का विकास केवल नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में संभव है। उन्होंने ग्रामीण विकास, सुरक्षा व्यवस्था और रोजगार सृजन को आगे बढ़ाने के लिए एनडीए को बहुमत दिलाने की अपील की। खगड़िया की इस जनसभा में अमित शाह की धमाकेदार उपस्थिति और तगड़े आरोपों ने चुनावी माहौल गरमा दिया है। बिहार के लोगों के लिए यह चुनाव विकास का समय है, न कि फिर से जंगलराज के अंधकार में लौटने का।

# महाराष्ट्र के नागपुर में गडकरी के मंच पर भिड़ीं दो महिला अफसर



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान अजीबोगरीब घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने चचाओं के बाजार को पूरी तरह गर्म कर दिया। साथ ही इस वीडियो को देखने के बाद लोगों के मन में सवाल और हैरानी दोनों है। ये घटनाक्रम तभी का है जब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की मौजूदगी में दो महिला अफसरों के बीच झगड़ा हो गया, वो भी मंच पर, सबके सामने।

बता दें कि यह वाकया रोजगार मेले के दौरान हुआ, जब पोस्टमास्टर जनरल शोभा मधले (नारंगी साड़ी) और सुचिता जोशी (ग्रे साड़ी) एक ही सोफे पर बैठी थीं। अचानक दोनों के बीच विवाद बढ़ा और मधले ने जोशी को कोहनी से धक्का दिया, उनका हाथ झटका और यहां तक कि चिकोटी भी काट दी। यह पूरा वाकया कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

**पोस्टमास्टर जनरल के चार्ज को लेकर हुआ झगड़ा :** मामले में बताया जा रहा है कि झगड़े की जड़ पोस्टमास्टर जनरल के चार्ज को लेकर है। दरअसल, शोभा मधले का ट्रांसफर आठ सितंबर को कर्नाटक के घरवाड़ में कर दिया गया था। नई नियुक्ति तक नागपुर का चार्ज नवी मुंबई की पीएमजी सुचिता जोशी को दिया गया। लेकिन मधले ने ट्रांसफर के खिलाफ कोर्ट में स्टे ले लिया। उसी विवाद की गर्माहट मंच तक पहुंच गई।

इसके बाद अब यह मामला चचाओं में है और दोनों अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। इस वीडियो को लेकर ज्यादा दर लोगों ने प्रतिक्रिया दी है कि नौकरी का झगड़ा तो समझ आता है, लेकिन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सामने ऐसा तमाशा?

# पांच से सात करोड़ की ठगी, जावेद हबीब पैसा लौटाने को तैयार, वकील ने दिलाया भरोसा



**संभल।** मशहूर हेयर ड्रेसर जावेद हबीब की कंपनी फॉलिकल ग्लोबल में निवेश करने वाले लोगों के रुपये मिलेंगे। यह भरोसा जावेद हबीब के अधिवक्ता पवन कुमार ने कुछ पीड़ितों को दिया है। कुछ लोगों के नाम भी लिए हैं। अब सवाल उठता है कि पीड़ितों की संख्या 200 से ज्यादा है और पांच से सात करोड़ रुपये की ठगी से जुड़ा मामला है तो कुछ ही लोगों के नाम क्यों लिए गए।

लोगों ने भी पुलिस से यही सवाल करना शुरू कर दिया है। जिन लोगों ने रायसत्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है वह अब पुलिस से जानकारी करने में लगे हैं। दरअसल संभल और उसके आसपास के गांवों के 200 से ज्यादा लोगों ने फॉलिकल ग्लोबल कंपनी में कॉइन में निवेश किया था।

इस निवेश से पहले एक सेमिनार किया गया था। जिसमें जावेद हबीब और उसके बेटे अनोस हबीब भी मौजूद रहे थे। इस सेमिनार में बताया गया था कि कंपनी वेलनेस इंडस्ट्री को डिजिटाइज कर रही है। जमीन, हेल्थ और ब्यूटी बिजनेस में निवेश करेगी। इसका जो मुनाफा मिलेगा वह निवेशकों तक पहुंचेगा।

इस झांसे में आकर लोग निवेश करने लगे। जब दो वर्ष बाद भी निवेश की गई राशि नहीं मिली और न मुनाफा मिला तो लोगों को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद रायसत्ती थाने में 32 मुकदमे दर्ज किए गए। शुरूआती कार्रवाई में जावेद हबीब के अधिवक्ता ने कहा था कि कंपनी ने कोई संबंध नहीं है।

अब कार्रवाई आगे बढ़ी तो लोगों को रुपये लौटाने का प्रयास शुरू किया है। पीड़ितों का कहना है कि अधिवक्ता ने कुछ लोगों से ही रकम वापस करने का वादा किया है। रायसत्ती थाना प्रभारी का कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। यदि किसी से संपर्क किया गया होगा तो सीधे किया गया होगा। हम दर्ज मुकदमों में जांच कर रहे हैं। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर बैठे लोगों को रौंदा, 5 की मौत, 2 घायल



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। न्यू आगरा के नगला बूढ़ी क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर बैठे लोगों को कुचल दिया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे बैठे लोगों को रौंदता हुआ दीवार से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज और हर संभव सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

मृतका बबली के भाई पिंटू ने बताया कि तेज रफ्तार से थार जैसी गाड़ी आई और सीधे सबको रौंद दिया। उसके बाद गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में हमारी बहन समेत कई लोग मौके पर ही मर गए।

# चंडीगढ़ में भिड़े कांग्रेसी: महिला नेता ने ब्लॉक प्रमुख को थाने में जड़े थप्पड़



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव ममता डोगरा और डड्डूमाजरा ब्लॉक प्रमुख हरजिंदर सिंह प्रिंस के बीच व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो को लेकर शुरू हुई बहस इतनी बढ़ी कि मामला थाने पहुंच गया। गुस्से में आई ममता डोगरा ने मलोया थाने में ही अपनी ही पार्टी के ब्लॉक प्रमुख को थप्पड़ जड़ दिया, जिसके बाद थाने में हंगामा मच गया। मामला वीरवार रात का है। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में एक आपत्तिजनक फोटो से सारा विवाद शुरू हुआ। ममता डोगरा ने कहा कि फोटो उन्होंने नहीं भेजी लेकिन उन्होंने देखा कि उनके कई व्हाट्सएप ग्रुप में एक स्क्रीनशॉट हरजिंदर सिंह की तरफ से शेयर किया गया, जिसमें लिखा था कि यह पोस्ट ममता डोगरा ने टीसीटी के ग्रुप में डाली है। इस पर उन्होंने आपत्ति जताई और मलोया के पुलिस थाने पहुंच गईं।

पुलिस ने हरजिंदर सिंह को भी बुलाया। सभी थाने के एक कमरे में बैठे हुए थे। इस पूरे घटना की एक वीडियो भी वायरल हुई है, जिसमें डोगरा यह कहती हुई नजर आ रही हैं कि स्क्रीनशॉट लेकर अलग-अलग ग्रुप में क्यों डाला। इतना कह कर वह कुर्सी से उठती हैं कि हरजिंदर सिंह को एक-एक करके कई थप्पड़ मारती हैं। इस दौरान आसपास कई लोग बीच बचाव करते हुए भी नजर आए। इसमें पूर्व मेयर व पार्षद कुलदीप कुमार भी हैं, जो दोनों को छुड़ाते हुए नजर आए। वहां पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, लेकिन उनकी मौजूदगी में ही यह सारी घटना हुई। एरिया एसएचओ ने कहा कि उन्होंने दोनों के मोबाइल चेक किए हैं। नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**हरजिंदर सिंह ने एसएसपी को दी शिकायत :** शुक्रवार को मामले की वीडियो वायरल होने के बाद हरजिंदर सिंह ने भी चंडीगढ़ की एसएसपी को शिकायत दी।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...







## इंदिरापुरम में आज स्वास्थ्य जगत का सबसे बड़ा आयोजन

# राष्ट्रपति मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आज करेंगे यशोदा मेडिसिटी का शुभारंभ

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और कई बड़े चेहरे होंगे मौजूद








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम आज सुबह से उत्सव में बदल चुका है। हर ओर सजे रास्ते, सुरक्षा के घेरे और चमकते पंडाल इस बात के गवाह हैं कि दिल्ली-एनसीआर का सबसे बड़ा स्वास्थ्य आयोजन यहीं होने जा रहा है। राजधानी के ठीक बगल में बनी यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन आज देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। उनके साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और कई केंद्रीय व राज्य स्तरीय हस्तियाँ समारोह में शामिल होंगी।

शनिवार की रात तक अस्पताल परिसर रोशनी से जगमगाता रहा। प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियां और अस्पताल प्रबंधन की टीमें देर रात तक अंतिम तैयारियों में जुटी रहीं। कहीं फूलों की सजावट चल रही थी, तो कहीं मंच पर लाइटिंग की जांच। सुबह तक पूरा इलाका वीवीआईपी मूवमेंट के माहौल में डूब गया।

**1200 बेड की सुपर स्पेशियलिटी सुविधा — एनसीआर को मिलेगी नई पहचान :** करीब 8 एकड़ भूमि में फैला यह अत्याधुनिक अस्पताल 12 लाख वर्गफुट में निर्मित है और 1200 बेड की क्षमता वाला है। इसमें 252 मॉड्यूलर आईसीयू बेड, 20 ऑपरेशन थियेटर, रोबोटिक सर्जरी, न्यूक्लियर मेडिसिन और कैंसर व कार्डियक उपचार के लिए अत्याधुनिक रेडिएशन तकनीकें शामिल हैं। अस्पताल को 'पेशेंट-फर्स्ट और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन' मॉडल पर तैयार किया गया है।

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की यह प्रणाली एशिया की गिनी-चुनी संस्थाओं में से एक है। परिसर में ग्रीन जोन, बहुस्तरीय पार्किंग और चौड़े प्रवेश मार्ग हैं ताकि मरीजों व परिजनों को सुविधा मिले।

## अरोड़ा दंपती का सपना साकार होने जा रहा है







करंट क्राइम। यशोदा ग्रुप के चेयरमैन व एमडी पी.एन. अरोड़ा और उनकी पत्नी डॉ. उपासना अरोड़ा के लिए यह दिन भावनात्मक है। वर्षों पहले उन्होंने मिलकर एक ऐसे संस्थान का सपना देखा था जो इलाज के साथ संवेदना का भी प्रतीक बने। पी.एन. अरोड़ा ने कहा — 'यह केवल एक परियोजना नहीं, उपासना जी के उस विश्वास का परिणाम है कि चिकित्सा सेवा जीवन का धर्म है।' डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा — 'यशोदा मेडिसिटी में इलाज से पहले इंसानियत को जगह दी जाएगी, यह अस्पताल शरीर के साथ मन को भी स्वस्थ करने की सोच लेकर बना है।'

### यशोदा मेडिसिटी एक नजर में

**स्थान :** शक्ति खंड-2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद। **क्षेत्रफल :** 8 एकड़ (निर्मित क्षेत्र 12 लाख वर्गफुट)। **क्षमता :** 1200 बेड, 252 कऊव मॉड्यूलर बेड, 20 ओटी। **तकनीक :** रोबोटिक सर्जरी, एडवांस रेडिएशन ऑन्कोलॉजी। **सेवाएँ :** कैंसर, न्यूरो, कार्डियक, ट्रॉमा, मातृत्व, बाल चिकित्सा।

## इंदिरापुरम का इलाका रहेगा आज सुरक्षा के त्रिस्तरीय घेरे में

### जमीन से लेकर हाईराइज इमारतों में तैनात रहेंगे सुरक्षाकर्मी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रांस हिंडन जोन की सुरक्षा और ट्रैफिक से लेकर वीवीआईपी मूवमेंट को बेहद शानदार ढंग से करने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने शनिवार की देर रात तक कमर कसी है।

रविवार को जहां राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्री तक इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर मौजूद रहेंगे। इसको लेकर पूरे इलाके को सुरक्षा के त्रिस्तरीय घेरे में रखा गया है। कई जिलों की अतिरिक्त फोर्स के साथ ही स्पेशल सुरक्षा बल और सड़क से लेकर हाईराइज बिल्डिंग तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खुद उत्तर प्रदेश के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर से लेकर डीसीपी, एसीपी और बड़ी संख्या में पुलिस बल ने कमान संभाली है।

### दर्जनों लोगों को पुलिस ने नजरबंद करने का बनाया है ब्यौरा

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई महत्वपूर्ण चेहरों के आगमन को देखते हुए सुरक्षा से लेकर कई अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। इस दौरान जानकारी मिली है कि गाजियाबाद में अलग-अलग आंदोलन, राजनीतिक संगठनों और प्रदर्शन करने वाले लोगों पर भी पुलिस और खुफिया तंत्र की नजर है। दर्जनों लोगों को जहां नजर बंद करने का कार्यक्रम बनाया गया है। तो उनपर नजर भी रखी जाएगी ताकि वह इस बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम में किसी प्रकार से खलल ना डाल सकें।

# कांग्रेस के नेता तो करने गये थे हाउस टैक्स वाले धरने को सपोर्ट

## मगर कोरवा के लहजों से लगी उनके दिल पर चोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स का मुद्दा इन दिनों तूल पकड़ रहा है। भाजपा के पार्षद भी धरना दे चुके हैं। हाउस टैक्स को लेकर व्यापार मंडल भी विरोध में है। शुक्रवार को कोरवा ने धरना दिया। इस धरने में अलग अलग आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी भी शामिल हुए। यहां पर कांग्रेस के एक नेता भी जनता से जुड़े इस मुददे पर अपना समर्थन देने के लिए नगर निगम पहुंचे। कांग्रेस के ये नेता भले ही अपने साथ उतने सपोटर लेकर नहीं चलते हैं लेकिन उनका जज्बा हमेशा सपोर्ट का रहता है, वो कभी हाथ में बैनर लेकर बस अडडे पर संदेश देते हैं, वो कभी बयान के जरीये अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। शांत चल रही कांग्रेस की राजनीति में इन लीडर की ये खास बात है कि वो अपने ही दम पर सही लेकिन कांग्रेस की एक आवाज बनते हैं।



जनता के मुददों को लेकर वो एक्टिव रहते हैं। बताते हैं कि शुक्रवार को वो जनता से जुड़े हाउस टैक्स के मुददे पर नगर निगम पहुंचे। उन्हें पता चला कि विभिन्न आरडब्ल्यूए और अन्य लोग हाउस टैक्स बढाये जाने के विरोध में धरना दे रहे हैं तो वो भी धरने को सपोर्ट करने पहुंचे। उनकी इंटेंशन अच्छी थी मगर बताते हैं कि यहां पर उनकी टेंशन का कारण धरना देने वालों का लहजा बना। दरअसल फौज वाले त्यागी जी जब नगर निगम वाले साहब के कमरे से बाहर निकले तो वो अलग ही अंदाज में थे। इस चक्कर में उन्होंने एक ऐसे शख्स को भी नजर अंदाज कर दिया जो उन्हें केवल सपोर्ट करने पहुंचा था। बताया जाता है कि कोरवा वालों के इस लहजे से सपोर्ट करने वाले कांग्रेस नेता के दिल पर चोट लगी। हालाकि बाद में फौज वाले त्यागी जी भी अपने लहजे में शालीनता ले आये और कांग्रेस नेता ने भी बड़ा दिल दिखाया। दोनों ने एक दूसरे को गले लगाया। सपोर्ट वाले इस मामले का चर्चा धरने के बाद भी रहा।

## सुलग रहा है पार्षदों के भीतर हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध का मुद्दा

# प्रभारी मंत्री से मिलेंगे भाजपा के पार्षद और रखेंगे अपनी बात

**आज आईटीएस में गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री, पूर्व एडीजी असीम अरूण आ रहे हैं। पार्षद वेलफेयर एसोसिएसन ने उनसे मिलने की तैयारी कर ली है। आईटीएस सभागार में आज तीन बजे जब असीम अरूण आयेंगे तो यहां भाजपा के पार्षद उनसे मुलाकात करेंगे।**






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स को लेकर अब नगर निगम में आमने - सामने वाला सीन हो गया है। एक छोर पर निगम के अधिकारी हैं और दूसरे छोर पर निगम के पार्षद हैं। दोनों तरफ से विरोध वाली रस्साकसी जारी है। पार्षद बस में बैठकर लखनऊ तक होकर आये और निगम अधिकारियों ने यहीं से बैठे बैठे पूरा प्रस्ताव लखनऊ यानी शासन को भेज दिया। कोरवा वालों को बता भी दिया कि महापौर के पास कर कम करने का कोई अधिकार नहीं है, ये भी बता दिया कि हम तो शासन को अपनी रिपोर्ट भेज चुके हैं। लेकिन इन सबके बीच गजब का सीन ये है कि अपनी ही सरकार में जनमुददे को लेकर भाजपा के पार्षद इस दरवाजे से उस दरवाजे तक जा रहा है। मुख्यमंत्री जब गाजियाबाद आये तो भाजपा के पार्षदों को सिर्फ इसी मुददे के चलते नजरबंद कर दिया गया। मगर जज्बा पार्षदों का भी है कि वो हार नहीं मान रहे हैं। एक बार फिर ये मुददा सुलगने की तैयारी में है। दरअसल आज आईटीएस में गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री, पूर्व एडीजी असीम अरूण आ रहे हैं। पार्षद वेलफेयर एसोसिएसन ने उनसे मिलने की तैयारी कर ली है।

आईटीएस सभागार में आज तीन बजे जब असीम अरूण आयेंगे तो यहां भाजपा के पार्षद उनसे मुलाकात करेंगे। ये मुलाकात पार्षद वेलफेयर एसोसिएसन के बैनर पर होगी। मुलाकात भले ही पार्षद वेलफेयर एसोसिएसन के बैनर पर है मगर यहां पूरी तरह से भाजपा का प्रभाव रहेगा। भाजपा के पार्षद भाजपा के ही मंत्री से मिलेंगे और हाउस टैक्स वृद्धि के निरस्त वाले प्रस्ताव पर बात करेंगे। यहां पर मुलाकात करने वाले पार्षदों में भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी, नीरज गोयल, हिमांशु शर्मा, धीरज गुप्ता, पूनम सिंह, देव नारायण शर्मा, कन्हैया और ओम प्रकाश प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। पार्षदों का ये कहना है कि वो कोई अपने हित या अपने घर की लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं। वो जनता पर लादे गये अतिरिक्त कर के बोझ की लड़ाई जनता की लड़ रहे हैं, जनता के लिए लड़ रहे हैं।

### प्रभारी मंत्री ने पहले भी डीएम को दिये थे निर्देश

प्रभारी मंत्री असीम अरूण आईपीएस अधिकारी रहे हैं। वो उत्तर प्रदेश पुलिस के एडीजी पद से वीआरएस लेकर राजनीति में आये। चुनाव लड़ा, चुनाव जीते और सरकार में मंत्री बनाये गये। पार्षदों को प्रभारी मंत्री से उम्मीद के दो कारण हैं। पहला तो ये कि वो जिले के प्रभारी मंत्री हैं और सरकार तक अपनी बात रखने का वो एक सीधा माध्यम हैं। दूसरा कारण ये है कि बीते दिनों जब डाक बंगले वाली बैठक में महानगर अध्यक्ष ने हाउस टैक्स वृद्धि का मुददा उन्हें बताया था और शहर विधायक संजीव शर्मा ने इस मुददे पर अपनी सहमती भी जताई थी। तब प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने तत्काल ही डीएम गाजियाबाद को ये आदेश दिये थे कि वो इस मामले में इंटरवीन करें और ये कहा था कि मिनटस बुक प्राप्त करना पार्षदों का अधिकार है। ऐसे में पार्षदों को इस बात की पूरी उम्मीद है कि प्रभारी मंत्री इस मामले पर उनकी बात को समझेंगे और वो इस मुददे पर सीधे अधिकारियों से बात कर स्थिति को स्पष्ट करेंगे।

## मिजोरम के महामहिम जनरल वीके सिंह का पशु प्रेम दिखाई दिया उनकी पोस्ट से

# लिखा हर छोटा-सा नेक काम किसी ना किसी रूप में लौटता है






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनरल वीके सिंह लगातार दो बार गाजियाबाद के लोक सभा सांसद रहे हैं। अब वो मिजोरम के राज्यपाल हैं। जनरल वीके सिंह देश की सेना के प्रमुख रहे हैं और राजनीति के क्षेत्र में भी उन्होंने परचम लहराया है। एक चेहरा फौज का है, एक चेहरा सियासत का है और इन सबके बीच एक चेहरा वो है जो मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा है, एक चेहरा वो है जिसमें वो पशु-पक्षियों की पीड़ा को महसूस कर रहे हैं और उन लोगों का आभार व्यक्त कर रहे हैं जो पशु -पक्षी से लेकर सभी प्राणियों के प्रति सहानुभति का दृष्टिकोण रखते हैं। मिजोरम के महामहिम जनरल वीके सिंह ने अपने शब्दों में परोपकार की परिभाषको अपने अंदाज में रखा। उन्होंने लिखा कि कुछ लोगों के पास लगभग कुछ भी नहीं होता। ना कोई महंगे कपड़े , ना बड़ा घर और ना स्थाई आमंदनी। फिर भी वे एक भूखे कुत्ते को खाना खिलाने रूक जाते हैं। एक प्यासी बिल्ली को पानी पिताले हैं। या उस बेसहारा जानवर को सहला देते हैं जिसे बाकी सब अंदेखा कर देते हैं। वे यह सब लाईकस, शाबाशी या ध्यान पाने के लिए नहीं करते। वे करते हैं क्योंकि उनका दिल अमीर होता है। भले ही उनकी जेब खाली क्यों ना हो। यही तो कर्म की खूबसूरती है। हर छोटा सा नेक काम किसी ना किसी रूप में लौटकर आता है। ब्रह्माण हमेशा उन लोगों को आशीर्वाद देता है जो बेजुबानों के लिए दया महसूस करते हैं।

# समाजवादियों को बांटना है छठ पूजा पर पूर्वांचल वालों को प्रसाद

### लखनऊ से बनाया गया है पूरा प्लान, साहिबाबाद में रहेगा जोर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2027 वाले चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी पूरी रणनीति बना रही है। पार्टी के सूत्रों से जानकारी मिली है कि छठ पूजा को लेकर भी लखनऊ संगठन से अलग-अलग पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले छठ महोत्सव कार्यक्रमों में शामिल हों। छठ व्रत करने वाले लोगों को प्रसाद दिया जाए।

कहीं चाय पिलाने का निर्देश दिया गया है। तो कहीं फल बांटने की बात की गई है। बताया जा रहा है यह सब 2027 के चुनाव और भैया जी के निर्देश पर हो रहा है। बता दें कि गाजियाबाद में छठ महापर्व बीते कई वर्षों से बड़े स्तर पर मनाया जाता है। लाखों लोग अलग-अलग छठ घाटों और सोसाइटी से लेकर अलग-अलग मोहल्ले में भगवान सूर्य के उपासना के इस महापर्व में भाग लेते हैं। जिसमें बड़ी संख्या में पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और पूर्वांचल के लोग शामिल रहते हैं।

### साहिबाबाद विधानसभा सीट पर दिखेगा सबसे ज्यादा असर

करंट क्राइम : उधर सपा के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छठ महापर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और पूजा को साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा फोकस करने की जानकारी मिली है। छठ पूजा करने वाले व्रतधारियों को जहां पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा, सपा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव से लेकर समाजवादी पार्टी के अन्य नेताओं के द्वारा भी प्रसाद और अन्य व्यवस्थाएं छठ व्रत के लिए करवाने की जानकारी मिली है।

# 27 से लागू होगा शीतकालीन ड्रेस कोड

## 1 नवंबर से दिन-रात पहननी होगी शीतकालीन वर्दी



प्रतीकात्मक चित्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मौसम परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए शीतकालीन वर्दी धारण करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश पुलिस महानिदेशक की अनुमति से जारी हुआ है।

जारी निर्देश के अनुसार, 27 अक्टूबर 2025 से रात्रि के समय सभी पुलिसकर्मियों को शीतकालीन वर्दी पहननी होगी। इसके बाद 1 नवम्बर 2025 से दिन और रात दोनों समयों में शीतकालीन वर्दी अनिवार्य कर दी जाएगी। पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) शलभ माथुर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह निर्देश पूरे प्रदेश में तत्काल प्रभाव से लागू होगा। सभी वरिष्ठ अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि अधीनस्थ कर्मचारी निर्धारित तिथि से शीतकालीन वर्दी धारण करें।

मुख्यालय की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि आदेश का सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस आदेश के साथ ही प्रदेशभर में अब पुलिसकर्मी गर्मियों की वर्दी से बाहर आकर शीतकालीन ड्रेस को अपनाएंगे।

# हिंडन छठ घाट पर श्रद्धालुओं के साथ नगर आयुक्त ने किया मां गंगा का पूजन, नारियल फोड़ कर की गई पर्व की शुरुआत

## छठ घाटों पर तैयारियां पूर्ण, जिम्मेदारी के साथ-साथ अधिकारियों में श्रद्धा भाव : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा छठ पर्व की तैयारी पूर्ण कर ली गई है, जिसमें अंतिम चरण की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। पुरबिया जन कल्याण परिषद के सदस्यों द्वारा हिंडन छठ घाट पर मां गंगा के पूजन का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा पूजा में सम्मिलित होकर की गई। मंत्र उच्चारण से पूजन विधि विधान से प्रारंभ हुआ जिसमें नगर आयुक्त द्वारा नारियल फोड़ कर पर्व की शुरुआत की। सभी उपस्थित जनों ने स्वच्छता के साथ पर्व मनाने के लिए संकल्प लिया।

मौके पर नगर आयुक्त द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों सहित चल रहे कार्यों की तैयारी को भी देखा गया तथा तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए जिसमें गंगाजल आने के बाद घाट पर व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए भी निर्देशित किया, चल रही तैयारी के बारे में विस्तार से उपस्थित श्रद्धालुओं को जानकारी भी दी गई तथा स्वच्छता के साथ पर्व मनाने के लिए अपील की गई।

हिंडन छठ घाट पर 10 गंगाजल के टैंकर की व्यवस्था करने तथा अन्य समस्त छठ घाटों पर भी गंगाजल टैंकर की व्यवस्था करने के लिए महा प्रबंधक जल को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त ने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग को


शेष, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# छठ पूजा आस्था, अनुशासन का संगम

भारत एक विविधताओं वाला देश है, जहाँ हर पर्व अपने भीतर एक गहरा संदेश समेटे हुए है। इन्हीं में से एक पवित्र और अनोखा पर्व है छठ पूजा, जिसे सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति आभार के रूप में मनाया जाता है। छठ पर्व मुख्यत: बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जाता है, लेकिन आज इसका विस्तार पूरे भारत और विदेशों तक हो चुका है। छठ पूजा चार दिनों का महापर्व है, जो कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से आरंभ होकर सप्तमी तक चलता है। पहले दिन नहाय–खाय से शुरूआत होती है, जिसमें व्रती शुद्धता का पालन करते हुए स्नान कर शाकाहारी भोजन करते हैं। दूसरे दिन खरना पर व्रती पूरा दिन निर्जला उपवास रखते हैं और शाम को गुड़–चावल की खीर बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। तीसरे दिन संध्या अर्घ्य के समय व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं, जबकि चौथे दिन उषा अर्घ्य पर उगते सूर्य को जल अर्पण किया जाता है। यह संपूर्ण प्रक्रिया अनुशासन, शुद्धता और आत्मसंयम की मिसाल है। छठ पूजा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें किसी प्रकार की आडंबर या दिखावे की भावना नहीं होती। व्रती और श्रद्धालु मिट्टी के घाट, स्वच्छ जल और शुद्ध भोजन के साथ पूजा करते हैं। यह पर्व हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति सादगी और शुद्धता में निहित है, न कि भव्यता में। सूर्य देव को जीवन और ऊर्जा का प्रतीक मानकर जब लोग उन्हें अर्घ्य देते हैं, तो वे प्रकृति और पर्यावरण के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान भी व्यक्त करते हैं। आज के समय में जब प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन बढ़ता जा रहा है, छठ पूजा हमें प्रकृति संरक्षण का सशक्त संदेश देती है। यह पर्व जलाशयों की स्वच्छता, सूर्य के प्रति श्रद्धा और सामूहिकता की भावना को मजबूत करता है। गाँवों और शहरों में लोग मिलकर घाटों की सफाई करते हैं, रास्ते सजाते हैं और एक–दूसरे की मदद करते हैं। इस तरह यह पर्व सामाजिक एकता और सामूहिक सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। छठ पूजा का एक और अद्भुत पहलू है इसमें निहित स्त्री शक्ति और मातृत्व का प्रतीकात्मक महत्व। अधिकतर व्रत महिलाएँ करती हैं, जो अपने परिवार, संतान और समाज की भलाई के लिए कठोर तप और उपवास रखती हैं। यह नारी शक्ति की सहनशीलता और आस्था का अनुपम उदाहरण है। आज आवश्यकता है कि हम छठ पूजा के वास्तविक संदेश को समझें। यह पर्व हमें बताता है कि मानव और प्रकृति का रिश्ता सबसे पवित्र है, और हमें उसकी रक्षा करनी चाहिए। नदियाँ, सूर्य, वायु और धरती ये सभी हमारे जीवन का आधार हैं, इसलिए इनका सम्मान ही सच्ची पूजा है। छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, स्वच्छता, पर्यावरण और एकता का संगम है। जब लोग घाटों पर खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते हैं, तब वे यह संकल्प भी दोहराते हैं कि जीवन में सत्य, शुद्धता और सेवा का मार्ग अपनाएँगे। यही छठ का असली संदेश है प्रकृति के प्रति सम्मान और समाज के प्रति समर्पण।

# अमेरिका और चीन की व्यापार वार्ता कुआलालंपुर में शुरू

## ट्रंप-शी मुलाकात का रास्ता साफ करने की कोशिश

**नई दिल्ली।** चीन और अमेरिका व्यापार युद्ध को रोकने के लिए कुआलालंपुर में वार्ता शुरू की। इस चर्चा का मकसद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात का रास्ता साफ करने का है। रिपोर्ट के अनुसार यह महत्वपूर्ण बातचीत टैरिफ पर अंतरिम राहत, प्रौद्योगिकी नियंत्रण और अमेरिकी सोयाबीन की चीनी खरीद के इर्द-गिर्द घूम सकती है।



व्यापार युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका और चीन के बीच कुआलालंपुर में वार्ता शुरू की। मलेशिया के शीर्ष आर्थिक अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। इस चर्चा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अगले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच एक मुलाकात है।

### बातचीत से पहले ट्रंप ने इन मुद्दों पर चर्चा करने के दिए संकेत

रिपोर्ट के अनुसार यह महत्वपूर्ण बातचीत टैरिफ पर अंतरिम राहत, प्रौद्योगिकी नियंत्रण और अमेरिकी सोयाबीन की चीनी खरीद के इर्द-गिर्द घूम सकती है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बातचीत शुरू होने से ठीक पहले ट्रम्प ने संकेत दिया कि वे किसानों के मुद्दे पर विशेष रूप से चर्चा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एशिया दौरे के दौरान वे ताइवान का मुद्दा भी उठाएंगे, हालांकि फिलहाल वहां जाने की कोई योजना नहीं है। ट्रम्प ने यह भी स्पष्ट किया कि हांगकांग के मीडिया कारोबारी जिमी लाइ की रिहाई का मामला भी बातचीत में शामिल रहेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह बैठक सकारात्मक नतीजे ला सकती है। द सन की रिपोर्ट के अनुसार, जिमी लाई का मामला हांगकांग में अधिकारों और स्वतंत्रताओं पर चीनी कार्रवाई का सबसे चर्चित उदाहरण बन चुका है।

अटलांटिक काउंसिल के जोश लिप्स्की ने कहा कि दोनों देशों को तकनीकी निर्यात प्रतिबंधों और चीन के रेयर अर्थ नियंत्रणों पर विवाद कम करने का रास्ता निकालना होगा। उनके अनुसार, रणनीतिक महत्व को देखते हुए चीन के लिए रेयर अर्थ पर लगी पाबंदियां वापस लेना मुश्किल हो सकता है। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के स्कॉट कैनेडी ने नतीजों को लेकर अनिश्चितता पर प्रकाश डाला। कैनेडी ने कहा कि वार्ता की सफलता का मतलब होगा चीन की चाल सफल रही, जबकि असफलता के लिए तनाव बढ़ने की तैयारी की आवश्यकता होगी।

### ट्रंप की 100 प्रतिशत की टैरिफ धमकी

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ के शिखर सम्मेलन से इतर होने वाली ये बातचीत ट्रंप द्वारा चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत नए टैरिफ लगाने की धमकी के बाद आगे की राह तय करेगी। यह नया टैरिफ और अन्य व्यापार प्रतिबंध 1 नवंबर से शुरू होंगे। चीन ने रेयर अर्थ एलिमेंट्स और खनिजों पर निर्यात नियंत्रण बढ़ा दिया है।

द सन की रिपोर्ट के अनुसार इन घटनाक्रमों ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और चीनी उप-प्रधानमंत्री ही लिफेंग की ओर से तैयार किए गए एक नाजुक व्यापार संघर्ष विराम को बाधित कर दिया है। अधिकारियों ने मई से अब तक की चार पिछली बैठकों में इस संघर्ष विराम की रणनीति बनाई थी।

### गुप्त रूप से की जा रही है बैठक

चीन के शीर्ष व्यापार वातार्कार ली चेंगगांग भी मौजूदा वार्ता में भाग ले रहे हैं। बता दें कि मलेशियाई सरकार और दोनों पक्षों ने इस बैठक के बारे में बहुत कम जानकारी दी है या परिणामों के बारे में मीडिया को जानकारी देने की कोई योजना नहीं बनाई है। तीनों अधिकारी अगले गुरुवार को दक्षिण कोरिया में एपीईसी शिखर सम्मेलन में ट्रंप और शी की मुलाकात का रास्ता निकालने की कोशिश करेंगे।

### मई में हुई बैठक से मिली थी कुछ दिनों की राहत

विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अप्रैल में देखे गए तीन अंकों वाले टैरिफ स्तर पर लौटने से बचना चाहती हैं। चीन ने ट्रम्प के पिछले टैरिफ के जवाब में अमेरिकी खरीदारों को रेयर अर्थ एलिमेंट्स की आपूर्ति बंद कर दी थी।

# सर्दियों में हर हफ्ते संचालित होंगी 26,495 फ्लाइटें

## नए शेड्यूल में 126 हवाईअड्डों को जोड़ा गया



**नई दिल्ली।** देश में विमानन कंपनियां इस साल 26 अक्तूबर से शुरू हो रहे शीतकालीन कार्यक्रम में हर सप्ताह 26,495 उड़ानें संचालित करेंगी, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत अधिक है। यह शीतकालीन शेड्यूल 26 अक्तूबर से शुरू होकर 28 मार्च 2026 तक लागू रहेगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, इन उड़ानों से 126 हवाईअड्डों को जोड़ा जाएगा। पिछले ग्रीष्मकालीन शेड्यूल–25 में 129 हवाई अड्डों से 25,610 उड़ानें संचालित हो रही थीं। अमरावती, हिसार, पूर्णिया और रुपसी नए हवाई अड्डों के रूप में शामिल किए हैं।

### कमजोर मांग से निजी क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर पांच महीने में सबसे कम

कमजोर मांग और उत्पादन की बढ़ती कीमतों के कारण निजी क्षेत्र की वृद्धि दर अक्तूबर में घटकर पांच महीने के निचले स्तर पर आ गई। एचएसबीसी का फ्लैश इंडिया कंपोजिट खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अक्तूबर में गिरकर 59.9 पर आ गया। सितंबर में यह 61.0 पर था। हालांकि, मई के बाद से सबसे निचले स्तर पर पहुंचने के बावजूद वृद्धि दर मजबूत रही।

### सेबी की सख्ती : आईपीओ से पहले कंपनियों में निवेश नहीं कर पाएंगी म्यूचुअल फंड योजनाएं

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड कंपनियों को आईपीओ से पहले भाग लेने से रोक दिया है। फंड हाउस केवल एंकर निवेशक हिस्से या आईपीओ के दौरान ही निवेश कर सकेंगे। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) को लिखे पत्र में सेबी ने कहा, म्यूचुअल फंड योजनाओं का निवेश केवल उन प्रतिभूतियों में किया जाना चाहिए

### कोटक महिंद्रा बैंक का मुनाफे में आई तीन प्रतिशत की गिरावट

कोटक महिंद्रा बैंक के दूसरी तिमाही का मुनाफा में तीन प्रतिशत की गिरावट आई है। बैंक ने बताया कि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में उसका एकल लाभ घटकर 3,253 कोरड़ रुपये रह गया। कंपनी ने पिछले वर्ष इसी तिमाही में 3,344 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### सीबीआईसी ने 31 कस्टम ड्यूटी नोटिफिकेशन को किया विलय

व्यापार को और सुगम बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 31 कस्टम ड्यूटी नोटिफिकेशनों को एक एकीकृत अधिसूचना में विलय कर दिया है। यह व्यवस्था 1 नवंबर, 2025 से प्रभावी होगी। सीबीआईसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, सीबीआईसी ने एक और व्यापार सुविधा उपाय शुरू किया है!

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले पप्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग कि ठोकर एक मानव को मार सकती है।
- एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकते हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- लाखों पेड़ों को गलती से गिलहरी द्वारा ही लगाया जाता है, जो नट्स को जमीन में दफन करते हैं और फिर भूल जाते हैं कि उन्हें कहाँ छिपा दिया गया था।

## रूस के बदले अमेरिका और पश्चिम एशिया से ज्यादा तेल खरीदेगा भारत, 21 नवंबर से प्रतिबंध लागू



**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से रूस के दो बड़े तेल उत्पादकों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भारत अब रूस के बदले पश्चिम एशिया, अमेरिका, लैटिन अमेरिका, कनाडा, ब्राजील आदि से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा सकता है। हालांकि यहां से ढुलाई की लागत बढ़ जाएगी जिससे आयात बिल में वृद्धि होगी। अभी भारत रोज रूस से 17 लाख बैरल कच्चे तेल का आयात करता है और केंद्र सरकार के सूत्रों का कहना है अमेरिकी प्रतिबंध लागू होने की तिथि 21 नवंबर तक यही स्थिति बनी रह सकती है। मगर इसके बाद इसमें कमी आने लगेगी।

### कंपनियों के पास कम होंगे विकल्प

सूत्रों ने बताया कि रिलायंस पेट्रोकेमिकल्स, जिसका रोसनेफ्ट के साथ 5 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदने का 25 साल का अनुबंध है, इस अनुबंध से बाहर आने वाली पहली कंपनी हो सकती है। इसी तरह यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के कारण अन्य जगहों से आपूर्ति कम होने के बाद पूरी तरह रूसी तेल पर निर्भर नायरा के पास भी बहुत कम विकल्प बचेंगे।

### रिलायंस के सामने सबसे बड़ी चुनौती

रिटोलिया ने बताया, रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) सबसे तात्कालिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। रोसनेफ्ट के साथ अपने अनुबंधों के प्रभावित होने के कारण, आरआईएल को परिचालन निरंतरता बनाए रखते हुए ओएफएसी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तीसरे पक्ष से तत्काल खरीद की ओर रुख करना होगा। उसे अपनी आपूर्ति और वित्तीय शृंखलाओं को फिर से तैयार करना होगा।

# '30 करोड़ पॉलिसीधारकों की बचत का इस्तेमाल अदाणी को लाभ पहुंचाने के लिए', कांग्रेस का सरकार पर आरोप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अदाणी समूह में एलआईसी के निवेश को लेकर निशाना साधा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक धन को चुनिंदा कॉरपोरेट समूहों को फायदा पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किया गया और इससे पॉलिसीधारकों को भारी नुकसान हुआ। कांग्रेस ने अदाणी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम के निवेश को लेकर सरकार पर हमले और तेज कर दिए हैं। आरोप है कि भारतीय जीवन बीमा निगम (छक्क) के करोड़ों पॉलिसीधारकों की मेहनत की कमई का दुरुपयोग किया गया और इसका लाभ अदाणी समूह को पहुंचाया गया। पार्टी ने मांग की कि संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) इस पूरे मामले की जांच करे। इन आरोपों पर अदाणी समूह या सरकार की ओर से जवाब नहीं आया है।

### कोयला आयात और बिजली कीमत का मुद्दा

कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि समूह से जुड़े कारोबारी नासिर अली शबान अहली और चांग चुंग-लिंग द्वारा कथित ओवर-इनवॉयसिंग और शेल कंपनियों के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग के चलते गुजरात में अदानी पावर स्टेशनों से मिलने वाली बिजली की कीमतें बढ़ीं। मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में चुनावों से पहले असामान्य रूप से महंगे बिजली आपूर्ति समझौतों और बिहार में 1 प्रति एकड़ की दर से पावर प्लांट हेत जमीन आवंटन का भी कांग्रेस ने सवाल उठाया।

### 30 करोड़ पॉलिसीधारकों की बचत के दुरुपयोग का आरोप

कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि मीडिया में हाल ही में परेशान करने वाले खुलासे हुए हैं कि कैसे मोदानी संयुक्त उद्यम ने एलआईसी और उसके 30 करोड़ पॉलिसीधारकों की बचत का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया। उन्होंन कहा कि आंतरिक दस्तावेजों से पता चलता है कि भारतीय अधिकारियों ने मई 2025 में विभिन्न अदाणी समूह की कंपनियों में एलआईसी फंड के लगभग 33,000 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया और उसे आगे बढ़ाया।

### वित्त मंत्रालय और नीति आयोग पर साधा निशाना

रमेश ने सवाल उठाया है कि किसके दबाव में वित्त मंत्रालय और नीति आयोग के अधिकारियों ने यह निर्णय लिया कि उनका काम एक निजी कंपनी को वित्तीय संकट से उबारना है। यह आपराधिक गतिविधियों के गंभीर आरोपों के कारण वित्तीय संकट से जूझ रही है? क्या यह मोबाइल फोन बैंकिंग का एक सटीक उदाहरण नहीं है।

### दावा- एलआईसी को हुआ 7,850 करोड़ का नुकसान

उन्होंने दावा किया कि 21 सितंबर 2024 को अमेरिका में गौतम अदाणी और उनके सात सहयोगियों पर आरोप तय होने के बाद शेयर बाजार में आई गिरावट से एलआईसी को सिर्फ चार घंटे के भीतर लगभग 7,850 करोड़ का घाटा हुआ। कांग्रेस के अनुसार, अदाणी समूह पर भारत में महंगे सोलर पावर कॉन्ट्रैक्ट पाने के लिए 2,000 करोड़ की रिश्वत योजना चलाने का आरोप है। रमेश ने कहा कि अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग द्वारा जारी समन लगभग एक साल से लंबित है और सरकार इसका समन भेजने से इनकार कर रही है।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद–फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु :** प्रेम–प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ :** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा–पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

पत्नी– पहले मेरी कमर पेप्सी की बोतल की तरह थी
सुसराल में आकर बुरा हाल हो गया...
पति– अब भी तुम्हारी कमर पेप्सी की बोतल की तरह है
फर्क इतना है कि वह बोतल अब 300 एमएल की नहीं,
बल्कि 2 लीटर की है।

---

पत्नी : सुनो जी, मैं भी छठ का व्रत रखूँगी
पति : बहुत बढ़िया, कब तक?
पत्नी : जब तक सूरज उगता है!
पति : मतलब बस सुबह–सुबह तक ही?

---

लड़की– सुन जानू, गूगल मेल होता है या फीमेल...
लड़का– बेबी फीमेल होता है...
लड़की– क्यों..
लड़का– क्योंकि अपना सेंटेन्स पूरा होने से पहले ही वो
उसका सजेशन देना शुरू कर देता है...

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# विराट-रोहित की जोड़ी ने कर दिया कमाल

## सचिन-द्रविड़ की फेहरिस्त में लिखवाया नाम




**नई दिल्ली।** विराट कोहली और रोहित शर्मा सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा वनडे खेल रहे हैं। इस मैच में पूरे विश्व की नजरें इन्हीं दोनों पर टिकी हुई हैं। ये संभवतः इन दोनों का ऑस्ट्रेलिया में और इंटरनेशनल क्रिकेट में आखिरी मैच भी हो सकता है।

हालांकि, इससे इतर दोनों ने मिलकर एक नया कीर्तिमान बना दिया है और सचिन तेंदुलकर- राहुल द्रविड़ की बराबरी कर ली है।

भारतीय टीम शुरूआती दो मैच हारकर पहले ही सीरीज गंवा चुकी है। तीसरे मैच में उसकी नजरें साख बचाने पर हैं। टीम इंडिया हर हाल में ये मैच जीतना चाहेगी और रोहित-कोहली इस जीत में अपना योगदान देना चाहेंगे।

### खास लिस्ट में शामिल

रोहित और कोहली अब सिर्फ वनडे खेलते हैं। पिछले साल दोनों ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। वहीं इसी साल मई में टेस्ट को भी अलविदा कह दिया था। इस मैच में जब दोनों एक साथ मैदान पर उतरे तो एक रिकॉर्ड अपने नाम कर गए। ये दोनों वहां पहुंच गए हैं जहां अभी तक सचिन और द्रविड़ पहुंचे थे। ये दोनों सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली जोड़ी बन गई है।

दोनों ने मिलकर भारत के लिए कुल 319 मैच खेले हैं। सचिन और द्रविड़ ने भी साथ में मिलकर इतने ही मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

रोहित ने साल 2007 में भारत के लिए अपना डेब्यू किया था और वह इसी साल महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा थे। वहीं विराट कोहली ने साल 2008 में अपना पहला इंटरनेशनल मैच खेला था। दोनों ने मिलकर भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप-2024 और चैंपियंस ट्रॉफी-2025 जीती है।

### फैसले का इंतजार

दोनों के फैंस की धड़कनें इस समय तेज होंगी और इस बात का इंतजार कर रहे होंगे कि क्या वाकई में ये इन दोनों का आखिरी मैच है या फिर आगे भी ये दोनों खेलते हुए नजर आएंगे।

टीम मैनेजमेंट ने इस बात के साफ संकेत दे दिए हैं कि वह इन दोनों को वनडे वर्ल्ड कप-2027 के लिए नहीं देख रहा है और इसी कारण रोहित से वनडे टीम की कप्तानी छीन शुभमन गिल को दे दी गई है।

# सिएटल स्टॉर्म ने सोनिया रमन को बनाया मुख्य कोच

## डब्ल्यूएनबीए में जिम्मेदारी संभालने वाली पहली भारतीय



**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल की सोनिया रमन ने इतिहास रच दिया। सोनिया को महिला नेशनल बास्केटबॉल (डब्ल्यूएनबीए) की टीम सिएटल स्टॉर्म का मुख्य कोच बनाया गया है। वह इस प्रतियोगिता में किसी टीम की मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली व्यक्ति हैं। हालांकि, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

रमन पिछले सत्र में न्यूयॉर्क लिबर्टी में सहायक कोच बनने से पहले चार साल तक एनबीए के मेम्फिस ग्रिजलीज में सहायक कोच थीं। वह डब्ल्यूएनबीए में मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली कोच होंगी। सिएटल ने पिछले महीने कोच नोएल क्विन को बर्खास्त कर दिया था। ईएसपीएन ने सबसे पहले इस नियुक्ति की सूचना दी। इस नियुक्ति के साथ न्यूयॉर्क एकमात्र ऐसी टीम है जिसके पास अभी भी कोई मुख्य कोच नहीं है। रमन का कोचिंग करियर एमआईटी से शुरू हुआ, जहां वह 2008 से 2020 तक मुख्य कोच रहीं। उन्होंने इस स्कूल को दो बार डिवीजन तीन एनसीएए टूनामेंट में पहुंचाया और प्रतियोगिता के इतिहास में सबसे सफल कोच बनी।

# श्रेयस अय्यर की इंजरी पर आया बड़ा अपडेट

**जांच के लिए अस्पताल में भर्ती; फील्डिंग करते समय लगी चोट**

**नई दिल्ली।** भारतीय उप-कप्तान श्रेयस अय्यर ने आखिरी वनडे मैच में एलेक्स कैरी का शानदार कैच पकड़ा। मगर इस कैच को पकड़ते ही टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ गईं। श्रेयस अय्यर बुरी तरह चोटिल हो गए।

उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया। उनकी जगह फील्ड पर सब्सटीट्यूट के रूप में ध्रुव जुरेल फील्डिंग करने आए। अब उनकी इंजरी पर अपडेट आया है। श्रेयस अय्यर को फील्डिंग करते समय बाईं पसली में चोट लग गई। उन्हें आगे की जांच और चोट के आकलन के लिए अस्पताल ले जाया गया है। ऐसे में वह बल्लेबाजी के लिए आएंगे, इसकी संभावना कम ही नजर आ रही है। हालांकि, इस पर अभी तक कोई आधिकारिक अपडेट नहीं है कि वह बल्लेबाजी करेंगे या नहीं।



# जूनियर हॉकी विश्व कप से हटा पाकिस्तान, भारत में होना है आयोजन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान नवंबर और दिसंबर में भारत में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप से हट गया है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने शुक्रवार को न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से इसकी पुष्टि की है।

एफआईएच ने कहा कि पाकिस्तान की जगह कौन सी टीम इस वैश्विक टूनामेंट में हिस्सा लेगी इसकी घोषणा जल्द की जाएगी। जूनियर हॉकी विश्व कप का आयोजन 28 नवंबर से 28 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होगा।

एफआईएच ने बताया, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने एफआईएच को सूचित कर दिया है कि आगामी हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 के लिए शुरू में क्वालिफाई करने वाली उसकी टीम अंततः इसमें भाग नहीं लेगी। पाकिस्तान की जगह कौन सी टीम इस टूनामेंट का हिस्सा होगी, इसकी घोषणा जल्द कर दी जाएगी।

# रोहित शर्मा ने सिडनी में ठोका 50वां शतक

## सिडनी में गूंज उठा हिटमैन का नाम, ऐसा करने वाले बने पहले बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे तीसरे वनडे मैच में शानदार शतक जमाया है। रोहित एडिलेड में खेले गए दूसरे वनडे में शतक से चूक गए थे। हालांकि, उसकी कमी को हिटमैन ने सिडनी में पूरा कर दिया और शानदार पारी खेली।

ये रोहित का वनडे में कुल 33वां शतक है। वहीं ये उनकी कुल 50वीं इंटरनेशनल सेंचुरी है। वह टेस्ट मैचों में 12 और टी20 में पांच शतक जमा चुके हैं।

इस पारी के साथ रोहित ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं और बताया है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका बल्ला चलता है। रोहित का ये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौवां शतक है। रोहित ने नाबाद 121 रनों की पारी खेली। उन्होंने 125 गेंदों का सामना कर 13 चौके और दो छक्के मारे।

### बना दिए रिकॉर्ड

रोहित इकलौते ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने तीनों फॉर्मेट में पांच या उससे ज्यादा शतक जमाए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा शतक जमाने वाले विरोधी बल्लेबाज हैं। रोहित ने इस देश में कुल छह इंटरनेशनल शतक जमाए हैं। उनके बाद कोहली हैं जिनके नाम 32 शतक हैं। रोहित ने इस शतक के साथ सचिन तेंदुलकर की भी बराबरी कर ली है। दोनों के नाम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ-नौ शतक हैं। इस पारी के दौरान रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने 2500 रन पूरे किए। वह ऐसा करने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले सचिन ने ये काम किया था।



### ऑस्ट्रेलिया में जमाया रंग

रोहित तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया में द्विपक्षीय सीरीज खेल रहे हैं और इस बल्लेबाज ने कर सीरीज में एक शतक जमाया है। 2016 में खेले गई सीरीज में पर्थ में उन्होंने 171 रनों की नाबाद पारी खेली थी। 2019 में सिडनी में ही उन्होंने 133 रन बनाए थे। इसके बाद अब उन्होंने शतक जमाया है।

# विश्व कप में नहीं खेल सकेंगी महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन



**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में अगले माह होने वाले विश्व कप फाइनल्स से पहले भारतीय मुक्केबाजी टीम को बड़ा झटका लगा है। इस प्रतिष्ठित टूनामेंट में टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन नहीं खेलेंगी। विश्व कप फाइनल्स में प्रत्येक भार वर्ग में दुनिया के शीर्ष आठ मुक्केबाज ही खेलने उतरेंगे।

लवलीना ने विश्व कप फाइनल्स के लिए क्वालिफाई किया था और वह यहां पदक की भी दावेदार थीं, लेकिन नाक की बढ़ी हुई हड्डी के कारण उन्होंने इस टूनामेंट से हटने का फैसला लिया है। वह अपनी नाक की सर्जरी कराने जा रही हैं।

लवलीना विश्व कप फाइनल्स की तैयारियों के लिए एनआईएस पटियाला में चल रहे तैयारी शिविर में भी शामिल नहीं हुईं। 2023 की विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता लवलीना ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ को इस टूनामेंट में नहीं खेलने के बारे में सूचित कर दिया है। उनके भार वर्ग 75 किलो में अब पूर्व विश्व चैंपियन स्वीटी इस टूनामेंट में खेलने उतरेंगी।

### निकहत, जैस्मिन, मीनाक्षी खेलेंगी

चैंपियनशिप में दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51), लिवरपूल में विश्व चैंपियन बनने वाली जैस्मिन (57), इसी चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली मीनाक्षी हुड्डा (48), रजत जीतने वाली नुपुर श्योराण (+80) और कांस्य जीतने वाली पूजा रानी (80) शीर्ष 8 में रहते हुए विश्व कप फाइनल्स में खेलेंगी।

### सभी भार वर्गों में खेलेंगे भारतीय मुक्केबाज

पुरुष वर्ग में जदुमणि सिंह और अभिनाष जामवाल ने ही क्वालिफाई किया है, लेकिन मेजबान देश होने के नाते भारत को पुरुष-महिला वर्ग के सभी 10-10 भार वर्गों में वर्ल्ड बॉक्सिंग ने अनुमति दी है। भारत इकलौता देश होगा जो सभी भार वर्गों में मुक्केबाज उतारेगा।

# अगले महीने केरल दौरे पर नहीं आएंगे लियोनल मेसी

**अर्जेंटीना फुटबॉल टीम का कोच्चि में मैच स्थगित**



**कोच्चि।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी को खेलते देखने को उत्सुक भारतीय प्रशंसकों को निराशा मिली है क्योंकि यह खिलाड़ी अगले महीने केरल दौरे पर नहीं आएगा। इस मैच के आयोजन ने शनिवार को इसकी जानकारी दी है। इससे पहले इस प्रस्तावित फुटबॉल मैच के प्रायोजक एंटो ऑगस्टीन ने केरल के खेल विभाग के साथ मिलकर घोषणा की थी कि मेसी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम 17 नवंबर को कोच्चि में एक मैत्री मैच खेलेगी।

**आयोजक ने की पुष्टि**

ऑगस्टीन ने हालांकि अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट कर यह घोषणा की है कि अर्जेंटीना का यह मैत्री मैच अगले महीने नहीं होगा। ऑगस्टीन ने लिखा, 'फीफा की अनुमति मिलने में देरी को देखते हुए अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ चर्चा के बाद इस मैच को नवंबर की विंडो से स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।' उन्होंने कहा कि केरल में यह मैच अगले अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान आयोजित किया जाएगा और नई तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

**केरल के खेल मंत्रालय को आधिकारिक सूचना नहीं**

केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहमान के कार्यालय के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें मैच स्थगित किए जाने के बारे में कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। एक अधिकारी ने बताया कि विभाग संबंधित अधिकारियों से बात करेगा और कार्यक्रम में बदलाव की पुष्टि करेगा। इससे पहले एएफए के प्रतिनिधियों ने सुविधाओं का जायजा लेने के लिए कोच्चि स्थित जवाहरलाल नेहरू अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का दौरा किया था।

# ट्रेविस हेड के आगे फीका पड़ा स्टीव स्मिथ का सबसे तेज रिकॉर्ड

## ऑस्ट्रेलिया के लिए बनाया नया कीर्तिमान

**नई दिल्ली।** ट्रेविस हेड ने भारत के खिलाफ तीसरे व अंतिम वनडे में इतिहास रचा। हेड ने स्टीव स्मिथ का रिकॉर्ड भी तोड़ा। 2016 में वनडे डेब्यू करने वाले हेड सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं।

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर को 3000 रन पूरे करने के लिए 22 रन की आवश्यकता थी। अब ट्रेविस हेड के 79 वनडे में 3007 रन हैं। इस दौरान उन्होंने 7 शतक और 17 अर्धशतक जमाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज का एक शतक 2023 वनडे वर्ल्ड कप में आया था, जहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत को मात दी थी।

### हेड ने रचा इतिहास

ट्रेविस हेड ने इतिहास रचते हुए वनडे प्रारूप में 3000 रन का आंकड़ा पार किया। वो सबसे जल्दी 3000 वनडे रन पूरे करने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने। हेड ने 76 पारियों में 3000 रन पूरे किए। उन्होंने स्टीव स्मिथ का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 79 पारियों में 3000 रन का आंकड़ा पूरा किया था। वनडे प्रारूप से संन्यास ले चुके स्मिथ ने 170 मैचों की 154 पारियों में 5800 रन बनाए।

बता दें कि ट्रेविस हेड वनडे टीम से करीब चार साल बाहर रहे। उन्होंने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में वनडे खेला और फिर अगला वनडे पाकिस्तान के खिलाफ मार्च 2022 में खेला। हेड ने शतक जड़कर वनडे प्रारूप में वापसी का जश्न मनाया और तब से वो टीम के नियमित सदस्य बने। 31 साल के ट्रेविस हेड ने अब तक 60 टेस्ट और 44 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले। भारत के खिलाफ हेड का प्रदर्शन दमदार रहा है।

# चेज करते हुए विराट कोहली ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड

## रोहित के साथ 19वीं बार 100+ रन की साझेदारी

**वनडे में 100+ रनों की साझेदारी**

| बल्लेबाजी जोड़ी | 100+ साझेदारी | पारी |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर – सौरव गांगुली | 26 | 176 |
| तिलकरत्ने दिलशान – कुमार संगकारा | 20 | 108 |
| रोहित शर्मा – विराट कोहली | 19 | 101 |
| रोहित शर्मा – शिखर धवन | 18 | 117 |

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरूआती दो मैचों में शून्य पर आउट होने वाले विराट कोहली आखिरकार अंतिम मुकाबले में वापसी करने में कामयाब रहे। उन्होंने 56 गेंदों में करियर के 75वें अर्धशतक के साथ रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। बता दें कि, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला सिडनी में खेला गया। मेजबानों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 237 रनों का लक्ष्य रखा, जिसे टीम इंडिया ने रोहित-कोहली की 150 से ज्यादा रनों की साझेदारी के दम पर नौ विकेट के शेष रहते हासिल कर लिया।

### सचिन को पछाड़ा

कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक लगाने के साथ ही लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वाधिक बार 50+ स्कोर लगाने के मामले में सचिन को पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने वनडे में 70वीं बार चेज करते हुए 50+ स्कोर बनाया, जबकि सचिन ने इस दौरान 69 बार 50+ स्कोर किए हैं।

### रोहित के साथ वनडे में 101वीं बार साथ की बल्लेबाजी

रोहित और कोहली की जोड़ी वनडे में 101वीं बार साथ बल्लेबाजी करने उतरी। इन दोनों ने वनडे में 101 पारियों में साझेदारी की है और कुल 5300 से अधिक रन बनाए हैं। भारत के लिए वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले यह दूसरी जोड़ी है। इन दोनों से आगे इस प्रारूप में बस सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली की जोड़ी है जिन्होंने 8227 रनों की साझेदारी की है। रोहित और कोहली के बीच इस दौरान 19 बार शतकीय और 18 बार ही 50+ रनों की साझेदारी हुई है।

### 19वीं बार RO-KO के बीच 100+ रन की साझेदारी

75वें वनडे अर्धशतक के साथ किंग कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2500 रन भी पूरे कर लिए हैं। वह ऐसा करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए।



किंग कोहली ने रोहित के साथ 19वीं बार 100 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभाई। दोनों के बीच 101वीं पारी में 19वीं दफा 100+ रनों की साझेदारी हुई। इससे पहले रोहित ने शिखर धवन के साथ 117 पारियों में 18 बार 100 से ज्यादा रनों की साझेदारी की थी।

# मोदीनगर में बंदरों का आतंक
## बाइक सवार युवक पर अचानक हमला
### सीसीटीवी फुटेज वायरल



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सीकरी फाटक के पास खड़े एक बाइक सवार युवक पर बंदर द्वारा अचानक किए गए हमले की घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है।

सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि यह घटना मोदीनगर के सीकरी फाटक क्षेत्र की है, जहां एक युवक अपनी बाइक के साथ खड़ा था। इसी दौरान एक बंदर अचानक उसके पास आया और उस पर हमला कर दिया तथा युवक को काट लिया। युवक को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन इस अप्रत्याशित हमले से स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया है।

### लंगूर की तस्वीर लगाने की मांग

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोगों पर बंदरों के झपटने या काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे प्रभावित इलाकों को चिन्हित किया जाए और वहां लंगूर की तस्वीरें लगाई जाएं, जिससे बंदरों के आतंक पर कुछ हद तक नियंत्रण पाया जा सके।

# नोएडा में सड़क हादसों में 5 वर्षीय बच्चे समेत दो की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल



**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसे में एक 5 वर्षीय बच्चा समेत दो लोगों की मौत हो गई। वहीं महिला समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि नाजिम पुत्र अली आजाद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी बाइक पर अपनी पत्नी और बेटे को बैठाकर अस्पताल इलाज करवाने जा रहा था। जैसे ही वह निम्स हॉस्पिटल के सामने पहुंचे एक ट्रैक्टर-ट्राली के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में उसकी बाइक पर बैठी पत्नी और बेटा अबूजर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां से उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए दिल्ली के एम्स में रेफर किया गया। उपचार के दौरान रात को बेटे की दिल्ली के एम्स अस्पताल में मौत हो गई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में एक ट्रैक्टर चालक ने तेजी और लापरवाही से बाइक वाहन चलाते हुए एक बाइक में टक्कर मार दिया। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया।

उन्होंने बताया कि इस मामले में कल्लो नामक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मूल रूप से जनपद संभल की रहने वाली हैं। महिला के अनुसार उसका बेटा देवेंद्र पुत्र स्वर्गीय फकीरचंद अपने दोस्त विकास के साथ एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सूरजपुर से दादरी की तरफ जा रहा था। महिला के अनुसार जैसे ही उनका बेटा कोट नहर के पास पहुंचा, एक ट्रैक्टर के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दिया।





### हर बार आती है सीवर वालों के लड्डुओं में शिकायत की खटास

सीवर और इंटरलॉकिंग वालों के यहां दीवाली के मिलन में भी शिकायतें मिलीं। पहले फूल वाले पार्षद ने कहा कि गोबर के लक्ष्मी गणेश मिले हैं। दूसरे फूल वाले ने कहा कि अजी इस 70 रुपये वाले गिफ्ट के बजाय तो ना ही देते तो ठीक था। कमाल तब हुआ जब तीसरे फूल वाले ने चौथे फूल वाले के लड्डुओं की फफूंदी को फेसबुक पर लाकर पटक दिया। इधर भाजपाई, उधर भाजपाई और बीच में फंस गया शगुन वाला हलवाई। हलवाई ने भी फेसबुक का जवाब फेसबुक पर दिया और बता दिया कि इस रेट लड्डू गये हैं, इतने किलो गये हैं और इस तारीख में गये हैं। लड्डुओं की एक्सपाईरी डेट अम्बेडकर रोड पर कुछ अलग है और चौपले वाली दुकानों पर कुछ अलग है। बहरहाल इन सबके बीच निगम के लड्डुओं की कहानी निगम वालों की जुबानी बाहर आयी है। निगम वाले ने ही बताया कि यहां लड्डुओं को लेकर लट्ठ पटकता ही है। उन्होंने बताया कि आजादी वाले जश्न के लिए लड्डू आये थे और तब के नाजिर को इस लड्डूबाजी के चक्कर में साहब के सामने हाजिर होना पड़ गया था। बीते दिनों यूनियन वालों ने लड्डू बांटे तो मुखिया के शब्दों से खटास पैदा हो गयी। अब साहब ने बांटे तो फिर से फफूंदी निकल आई। निगम के लड्डुओं की मिठास ही कुछ ऐसी है कि इसमें खटास आनी ही आनी है।

### कोई तो है मास्टरमाइंड जिसके दिमाग में है मैदान के निर्माण की ड्राइंग

मैदान तो बहुत हैं नगर में मगर घमासान उस मैदान को लेकर मचा है जो संविधान निर्माता वाले रोड के किनारे पर है। नेहरू जी के नाम पर इस मैदान को तिवारी जी ने आवंटित कराया था। एसपी ट्रैफिक और टीआई के काम को लेकर जनप्रतिनिधि आगे आ गये। यहां तक तो ठीक था मगर कहानी तो एफआईआर से होती हुई अब तमंचे तक आ गयी। लोग भी रोटी खाते हैं और समझ रहे हैं कि स्क्रिप्ट पहले से तैयार है और अभी इसमें कई ट्विस्ट आने हैं। सवाल ये है कि ये जो दिखाई दे रहे हैं ये सब खेल के मोहरे हैं और चेहरा तो अभी एक्सपोज होना बाकी है। कोई तो इस पूरे लैण्ड गेम का मास्टरमाइंड है, जिसके दिमाग में मैदान की जमीन पर बनने वाला नक्शा और उसकी पूरी ड्राइंग मौजूद है। सुना है कि कहानी में मिजोरम वालों की एंट्री हो सकती है। बड़ी जांच के आदेश अगर उधर से आ गये तो मिल्क का मिल्क और वाटर का वाटर हो जायेगा।

### बंधा हुआ था कोतवाली से हफ्ता मगर स्वाट टीम वालों ने देख लिया रस्ता

कानून अंधा हो सकता है लेकिन कानून का पालन कराने वाली पुलिस कभी अंधी नहीं हो सकती। उसे सब पता होता है कि इलाके में चल क्या रहा है। मामला महानगर के एक बड़े बाजार का है। पटाखे वाले लाला जी इस बात को लेकर कॉन्फिडेंट थे कि कोतवाली वाली पेमेंट तो कर ही दी है। मगर लाला जी को क्या पता था कि गोदाम पर ताला इसी महकमे के दूसरे योद्धा आकर लटका गये हैं। कोतवाली से हफ्ता बंधा था मगर सुना है कि स्वाट वाले आ गये और उन्होंने गोदाम का रस्ता देख लिया। मामला किसी तरह ले-देकर निपटा मगर व्यापारी को सबसे ज्यादा जो बात अखरी है वो ये है कि पटाखे ले जाते तो ठीक था मगर आठ लाख की सिगरेट तो नहीं ले जानी चाहिए थी। सुना है पावर वाले दल के एक छोर से पूरा जोर भी लगाया गया। कई पेटियों में जाकर बात बनी और मामला सुलटाया गया। अब व्यापारी भी शिकायत की बात कह रहा है।

# नोएडा में अज्ञात बदमाशों ने 7 वाहन चोरी किए
## पुलिस कर रही जांच



**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न जगहों से अज्ञात बदमाशों ने 7 वाहन चोरी कर लिया है। इसमें बुलडोजर और दुपहिया वाहन शामिल हैं। थाना बिसरख क्षेत्र से अज्ञात बदमाशों ने एक बुलडोजर चोरी कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सुभाष पुत्र तेज पाल निवासी ग्राम रोजा जलालपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी जेसीबी (बुलडोजर) अज्ञात बदमाशों ने मिलक लच्छी गांव के पास से चोरी कर ली है।

उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके अलावा विभिन्न जगहों से अज्ञात बदमाशों ने आधा दर्जन दुपहिया वाहन चोरी कर लिया। घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि राशिद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बदमाशों ने उसकी मोटरसाइकिल थाना कासना क्षेत्र से चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शिवम कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बदमाशों ने गौर सिटी मॉल के सर्विस रोड से उनकी बाइक चोरी कर ली है।

पीड़ित के अनुसार वह बाइक खड़ी करके गौर सिटी मॉल में किसी काम से गए थे। इसी बीच चोरों ने उनकी बाइक चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि गिरीश कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बदमाशों ने उसकी मोटरसाइकिल एक मॉल के पास से चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि ओमान पत्नी सतबीर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने नई मोटरसाइकिल खरीदी थी। कंपनी से अभी उनका नंबर नहीं आया था। बाइक को अपने घर के बाहर खड़ा किया था। वहीं से अज्ञात चोरों न मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि गजेंद्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि काशीराम अस्पताल में भर्ती अपने एक रिश्तेदार को वह देखने के लिए आए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल अस्पताल के गेट पर खड़ी कर दी। वहां से अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कांग्रेस नेता सलीम सैफी को दरभंगा जिले की विधानसभा सीट के लिए बनाया गया सह पर्यवेक्षक





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सलीम अहमद सैफी को बिहार विधानसभा चुनाव में दरभंगा जिले की जेल विधानसभा का सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने की है। सलीम अहमद सैफी ने कहा कि उन्हें सह पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हैं। इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। सलीम अहमद सैफी ने कहा कि वह जल्द ही दरभंगा जिले के लिए रवाना होंगे जहां वे अल्पसंख्यकों के बीच राहुल गांधी के विचारों और पार्टी की नीतियों का प्रचार करेंगे। साथ ही अल्पसंख्यक लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे।





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड संख्या 86 से निगम पार्षद मदन राय ने अपनी धर्मपत्नी अनिता राय के साथ छठ पूजा का संदेश दिया। उन्होंने सनातन संस्कृति का संदेश देते हुए कहा कि भगवान सूर्य देव की पूजा व आराधना सभी को करनी चाहिए। छठ पर्व महोत्सव का महत्व बताया और इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। पार्षद मदन राय की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# राइन के बाद बसपा ने किया गाजियाबाद जिलाध्यक्ष को बर्खास्त
## लखनऊ रैली के खर्चे का नहीं दे रहे ब्यौरा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लखनऊ और कानपुर मंडल के प्रभारी रहे शमसुद्दीन राइन को निष्कासित करने के बाद बसपा की ओर से उनके समर्थकों पर भी गाज गिराई जा रही है। गाजियाबाद के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। बसपा जिला अध्यक्ष कुमार जाटव ने बताया कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और अनुशासनहीनता के कारण उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और अनुशासनहीनता को देखते हुए उन्हें कई बार चेतावनी दी गई थी लेकिन उन्होंने इन चेतावनियों को गंभीरता से नहीं लिया। उनके हर गतिविधि की रिपोर्ट लखनऊ और मेरठ को भेजी जा रही थी। लखनऊ से निर्देश मिलने के बाद उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोहित की पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी को भारी नुकसान हो रहा था। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने उन कार्यकताओं के खिलाफ करवाई का फैसला दिया है जो पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाएंगे।

सूत्रों के अनुसार, बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनउ में आयोजिन विशाल जनसभा के लिए कार्यकताओं को ले जाने में पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने बडा खेल कर दिया। संगठन की ओर से उन्हें हिसाब देने के लिए बार-बार कहा जा रहा था लेकिन वे हिसाब देने के लिए आनाकानी कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, संगठन कार्यों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक की सूचना पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित को भी दी गई थी। उनसे कहा गया था कि बैठक में जनसभा के लिए खर्चे का ब्यौरा पेश करेंगे। लेकिन पूर्व जिलाध्यक्ष ने अपना मोबाइल फोन ही स्वीच ऑफ कर दिया।

सूत्रों का कहना है कि इसकी जानकारी पार्टी के प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व को दी गई। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर उन्हें पार्टी से बर्खास्त कर दिया गया।





# किस थ्री-स्टार के नाम की है चर्चा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में त्योहारी सीजन समाप्त होने को है। तो वहीं वीवीआईपी कार्यक्रम को लेकर भी तैयारियों का जोर देखने को मिला है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि बीते दिनों एक दूसरे पुलिस कमिश्नरेट से एक थ्री-स्टार की पुलिस कमिश्नरेट से आमद गाजियाबाद वाले कमिश्नरेट में हुई ह। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि उनका चांस और चर्चा इन दिनों जमकर सुनाई दे रही है। बताया जा रहा है कि वह पुराने वाले कमिश्नरेट में अपनी वर्किंग से अधिकारियों के खास रहे हैं। तो यहां पर भी वह मौका मिलने पर वही धमाल मचाएंगे, जैसा पुराने वाले कमिश्नरेट में देखने को मिला था। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि फिलहाल वह थ्री-स्टार लाइन में है लेकिन लाइन से कब सबसे फाइन वाले चार्ज पर आ जाएं कहां नहीं जा सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस थ्री-स्टार की वर्किंग की चर्चा अभी से हो रही है।



बताया जा रहा है कि जैसे ही वीवीईआईपी वाला कार्यक्रम और त्यौहारी सीजन समाप्त होगा उसके बाद पोस्टिंग वाला सिलसिला शुरू होगा। तो इसमें इस नाम की चर्चा जोरों पर होगी, बताया जा रहा है कि इस पोस्टिंग से कास्ट कनेक्शन का भी संदेश दिया जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी जोन के तीन से चार थानों के लिए कुछ संकेत मिले हैं। अगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आज होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी सारे अधिकारियों ने पूरी वर्किंग की है। जिसके परिणाम बताएंगे की तैयारी और व्यवस्थाएं कितनी पास हुई और कितनी फेल रहीं। कुल मिलाकर जिस थ्री-स्टार का नाम आने वाली पोस्टिंग लिस्ट में सबसे खास बताया जा रहा है, उनके बारे में जानकारी मिली है कि वह अबतक कई का फुल कर चुके हैं। तो हाफ भी बड़ी संख्या में हैं। उनकी क्राइम पर अच्छी पकड़ है, जिसे कंट्रोल करने के लिए वह यहां नई पारी की शुरूआत करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनके नाम और बिरादरी की चर्चा एक भगवा नेता के यहां भी सुनाई देने लगी है। वो अभी से इन्हें अपना बता रहे हैं। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुल मिलाकर देखना होगा कि त्यौहार ी सीजन के बाद आने वाली लिस्ट में किस-किस थ्री- स्टार को मौका मिलता है। किसे हटाया जाता है और किस वेट करना पड़ता है।

# शमसुद्दीन राइन को हटाने की इनसाइड स्टोरी
## पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित के बाद अब किसका नंबर आएगा

सुब्रत भट्टाचार्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती अपनी अलग राजनीतिक शैली के लिए जानी जाती है। उनकी पार्टी में कब किसे निकाल दिया जाए और कब किसे बडा पद दे दिया जाय, यह कोई नहीं जानता है। शमसुददीन राइन को ही देख लीजिए। कभी मायावती के बेहद भरोसे मंद रहे शमसुददीन राइन को एक ही झटके में पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। राइन, जो कभी बसपा में बडे ही पावरफुल माने जाते हैं, मुस्लिम होने के बाद भी मायावती ने पार्टी से निष्कासित कर दिया। राईन पर गुटबाजी करने और मायावती के आदेश को नहीं मानने का आरोप है। राइन के बाद अब राइन के करीबियों को भी बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष रहे नरेंद्र मोहित को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

मायावती की यह स्टाइल न सिर्फ उनके करीबी बल्कि कई बार उनके विरोधियों तक को हैरान करती है। बसपा ने लखनऊ और कानपुर मंडल के प्रभारी शमसुद्दीन राइन को हटा दिया है। उनकी जगह सरवर मलिक को लखनऊ मंडल का नया मुख्य प्रभारी बनाया गया है। सरवर पहले लखनऊ के जिलाध्यक्ष और लोकसभा प्रत्याशी रह चुके हैं। इसके अलावा मुनकाद अली को लखनऊ और कानपुर मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। 2027 के चुनाव को देखते हुए मायावती ने मुस्लिम भाईचारा संगठन को भी दोबारा संगठित करने का फैसला लिया है। साथ ही पश्चिमी यूपी में भी संगठन में कई फेरबदल किए हैं। राजधानी लखनऊ के मान्यवर कांशीराम स्मारक में 9 अक्टूबर को हुई महारैली सम्मेलन के बाद बहुजन समाज पार्टी अब काफी तेजी से खुद को बदलती हुई नजर आ रही है।





इस कार्यक्रम को लेकर बसपा ने दावा किया कि 10 लाख से ज्यादा लोग इस सम्मेलन में आए थे। इस कार्यक्रम के बाद बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने धन्यवाद कार्यक्रम भी किया था। मगर, उसके बाद जिस तरह से मायावती ने अपनी पार्टी में अभी भी कार्रवाइयों का सिलसिला जारी रखा है। उससे लोगों को यह महसूस होने लगा कि कहीं मायावती में दिखने वाला बदलाव सिर्फ दिखावा तो नहीं है। इस डैमेज को कंट्रोल करने के लिए बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक तरफ जहां शमसुद्दीन राइनी को पार्टी से निकाला। वहीं दूसरी तरफ पार्टी के प्रमुख मुस्लिम चेहरे सरवर मलिक को फौरन उनकी जगह पर जिम्मेदारी सौंप दी। मायावती इस बात को बखूबी जानती हैं कि अगर मुसलमान का साथ मिल जाए तो विधानसभा चुनाव में उनके लिए सियासी तौर से काफी आसानी होगी।

शमसुद्दीन राइनी पर गंभीर आरोप लगे कि उन्होंने न सिर्फ पार्टी में अनुशासनहीनता की है बल्कि उन्होंने जो निर्देश दिए गए थे उसको भी नहीं माना है। शमसुद्दीन राइनी के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी रहने के दौरान गाजियाबाद में उनका काफी विरोध हुआ है। उनके पोस्टर और होर्डिंग पर कालिख पोत दी गई थी। विधानसभा और नगर निगम चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर पैसे लेने के भी आरोप लगे लेकिन तब मायावती ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। बल्कि उन्हें मेरठ मंडल से हटाकर दूसरे मंडल की जिम्मेदारी दी थी। वहां भी गुटबाजी बढने के कारण राईन को बंगाल भेज दिया गया था। बंगाल में कुछ दिनों रहने के बाद उन्हें फिर से यूपी बुलाकर लखनफ और कानपुर मंडल की जिम्मेदारी दी गई थी। सूत्रों का कहना है कि बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्य तिथि पर आयोजित रैली के दौरान शमसुद्दीन राइन ने मायावती के निर्देशों की अवहेलना की। जिसे मायावती ने सख्ती से लिया।

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को एक और बड़ा संगठनात्मक बदलाव कर दिया। गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित को पद से हटाकर मनोज जाटव को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लगातार दूसरे दिन हुई इस कड़ी कार्रवाई ने पार्टी के भीतर हलचल पैदा कर दी है। सूत्रों के मुताबिक इस बदलाव की वजह मेरठ मंडल प्रभारी विजय सिंह की शिकायत है। आरोप है कि 9 अक्टूबर की रैली के लिए कार्यकताओं से नकद चंदा लिया गया, जबकि पार्टी की ओर से बिना नकद सहयोग लेने के निर्देश थे। साथ ही 23 अक्टूबर को पार्टी कार्यालय में लगी मायावती की होर्डिंग फाड़े जाने को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच विवाद हुआ। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को बसपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज जाटव ने गाजियाबाद कार्यालय पर एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक में 9 अक्टूबर की रैली को लेकर समीक्षा करनी थी। पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित को रैली के लिए इकठठा किए गए चंदे के हिसाब के साथ बैठक में शामिल होने को कहा गया था लेकिन वे नहीं आए। और पूरे दिन मोबाइल को स्वीच ऑफ रखा।

बसपा सूत्रों का कहना है कि गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने इसकी शिकायत मेरठ मंडल और लखनउ में कर दी। जिसके बाद ही नरेंद्र मोहित को जिलाध्यक्ष पद से हटाया गया। नरेंद्र मोहित को राइन का करीबी माना जाता है। पहले वे चंद्रशेखर आजाद की पार्टी आजाद समाज पार्टी में थे। राइन के कहने पर बसपा में शामिल हुए थे। राइन ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए वरिष्ठ नेता दयाराम सेन को हटाकर नरेंद्र मोहित को जिलाध्यक्ष बना दिया था। अब राइन का पत्ता कटने के बाद उनके करीबियों पर मायावती के अनुशासन का चाबुक चल पडा है। देखना है कि अगली बारी किसकी होती है।

# ग्रेटर नोएडा में कार और मार्केट से चोरी, पुलिस मामले की जांच में जुटी



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में एक व्यक्ति की कार से टप्पेबाजों ने बैग चोरी कर लिया। बैग में लैपटॉप, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, नकदी आदि था। इसके अलावा एक सोसायटी की मार्केट में खरीदारी करने गई एक महिला का अज्ञात बदमाशों ने आईफोन चोरी कर लिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अंकित अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी कार में सवार होकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अपने घर जा रहे थे। उनके अनुसार जैसे ही वह चार मूर्ति से शाहबेरी गांव की तरफ बढ़े एक व्यक्ति ने कार में जोर से धक्का मारा तथा कहा कि उन्होंने उसके ऊपर अपनी कार चढ़ा दी है। वह उसे बात कर रहे थे तभी दूसरी साइड से एक व्यक्ति ने आकर उनकी कार का दरवाजा जोर-जोर से खटखटाने लगा तथा उसने कहा कि दूसरी तरफ वाला व्यक्ति शराब के नशे में है। वह आगे बढ़ जाए।

# यूरोपीय संघ के प्रतिबंध लगाने पर भड़का रूस


## चेतावनी देते हुए कहा- ईयू खुद को अलग-थलग कर रहा

**मॉस्को।** यूरोपीय संघ द्वारा हाल ही में ब्रुसेल्स में हुई बैठक में रूस पर 19वां प्रतिबंध लगाने का एलान किया। यूरोपीय संघ के इस कदम से रूस भड़क गया है और रूस ने नए प्रतिबंध को अवैध बताते हुए चेतावनी दी कि इस कदम से यूरोपीय संघ खुद को अलग-थलग कर रहा है। यूरोपीय संघ ने रूस पर जो नए प्रतिबंध लगाए हैं, उनके तहत 2026 तक यूरोपीय संघ के बाजारों तक रूस की एलएनजी की आपूर्ति को प्रतिबंधित कर दिया गया है। रूस की कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही कथित छद्म तेल बेड़े को भी प्रतिबंधित किया गया है। कुछ रूसी और विदेशी बैंकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वित्तीय प्रतिबंध लगाए गए हैं और कुछ सामानों के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।



### 'खुद को दुनिया में अलग-थलग कर रहा यूरोपीय संघ'

रूस ने कहा कि यूरोपीय संघ इस बात से अनजान है कि रूस विरोध की लड़ाई में वह खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग–थलग कर रहा है। यूरोपीय संघ ने मनगढ़ंत बहानों के तहत चीन, बेलारूस, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, यूएई, भारत, थाईलैंड और उत्तर कोरिया के आर्थिक ऑपरेटर्स पर भी विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगा दिए हैं। ईयू खुद को खास मानते हुए तीसरे देशों को ब्लैकमेल कर रहा है, लेकिन वैश्विक पुलिसमैन के तौर पर काम करने की यूरोपीय संघ की महत्वकांक्षा से दुनिया में यूरोपीय संघ की भूमिका पर जरूर असर पड़ेगा। रूस किसी भी गैर–कानूनी एकतरफा उपायों की कड़ी निंदा करता है।



### रूस ने यूरोपीय संघ को चेतावनी दी

रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि यूरोपीय संघ परिषद ने हमारे देश पर अवैध और एकतरफा प्रतिबंधों के 19वें पैकेज को मंजूरी दी है। यूरोपीय संघ के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति की प्रतिनिधि काजा कल्लास के बयान का जिक्र करते हुए जखारोवा ने कहा कि यूरोपीय संघ रूस पर और प्रतिबंध लगाने के तैयारी शुरू कर चुका है। जखारोवा ने कहा कि इससे साफ है कि ईयू को ही अपने द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की प्रभावशीलता पर विश्वास नहीं है, लेकिन फिर भी वे लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ एक ऐसे रास्ते पर है, जो और भी ज्यादा विनाशकारी होता जा रहा है।

# नेपाल के करनाली प्रांत में खाई में गिरी जीप

## आठ की मौत, 10 घायल



**काठमांडू।** नेपाल के करनाली प्रांत में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां रुकुम पश्चिम जिले के झरमारे इलाके में जीप के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, 10 अन्य लोग घायल बताए गए हैं। बताया गया है कि 18 लोगों को ले जा रही जीप पहाड़ी इलाके में सड़क से नीचे 700 फीट गहरी खाई में गिर गई।

यह हादसा काठमांडू से 500 किलोमीटर दूर, झरमारे में तब हुआ जब जीप मुसीकोट के खलांगा से अथबिस्कोट के स्यालीड़ी जा रही थी। शुरूआती जांच में सामने आया कि सात लोगों की हादसे के बाद मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की मौत स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान हुई।

पीड़ितों की उम्र 15 से 30 वर्ष के बीच थी। बाकी 10 घायलों का इलाज रुकुम जिले के अस्पताल में कराया जा रहा है।

# अफगानिस्तान से बुर्के में छिपकर भागा था लादेन पूर्व सीआईए अधिकारी का खुलासा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के न्यूयार्क शहर में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला करने वाले खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा के संस्थापक ओसामा बिन लादेन को लेकर सीआईए के पूर्व अधिकारी जॉन किरियाको ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि लादेन को पकड़ने के लिए अमेरिकी सेना को काफी मशक्कत करनी पड़ी। लेकिन वो एक महिला के वेश में बुर्के में अपना मुंह छिपाकर भाग गया था।

अमेरिकी खुफिया एजेंसी, सीआईए के पूर्व अधिकारी जॉन किरियाको ने बताया कि ओसामा बिन लादेन, जो 11 सितंबर, 2001 के आतंकवादी हमलों के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सर्वाधिक वांछित आतंकवादी था, एक महिला के वेश में तोरा बोरा पहाड़ियों से भागा था। एएनआई को दिए साक्षात्कार में, किरियाको ने यह भी बताया कि अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड के कमांडर का अनुवादक वास्तव में अल कायदा का ऑपरेटिव था, जिसने अमेरिकी सेना में घुसपैठ की थी और उसी ने ओसामा बिन लादने को भागने में मदद की थी।



### तोरा बोरा में घिर गया था लादेन

पूर्व सीआईए अधिकारी जॉन किरियाको ने बताया कि कई बार अमेरिकी सेना को लगा कि लादेन अब उनके हाथ आ गया, लेकिन वह फिर बच निकलता था। हमें अक्टूबर 2001 में यकीन था कि हमने ओसामा बिन लादेन और अल-कायदा नेतृत्व को तोरा बोरा में घेर लिया है। लेकिन यह नहीं पता था कि सेंट्रल कमांड के कमांडर का अनुवादक असल में एक अल-कायदा ऑपरेटिव था जिसने अमेरिकी सेना में घुसपैठ की थी। इसलिए हमें पता था कि हमने बिन लादेन को घेर लिया है।

हमने उसे पहाड़ से नीचे आने को कहा। जिसके बाद उसने अनुवादक के जरिए कहा कि क्या आप हमें सुबह होने तक का समय दे सकते हैं? हम महिलाओं और बच्चों को निकालना चाहते हैं और फिर नीचे आकर हार मान लेंगे। अनुवादक ने जनरल फ्रैंक्स को इस विचार के लिए राजी करा लिया। आखिरकार हुआ यह कि बिन लादेन ने महिला का वेश धारण किया और अंधेरे की आड़ में एक पिकअप ट्रक के पीछे बैठकर पाकिस्तान भाग गया। (समाचार एजेंसी एएनाई के इनपुट के साथ) उन्होंने कहा कि जब भोर में सूरज निकला, तो तोरा बोरा में हार मानने वाला कोई नहीं था। वे सभी भाग चुके थे। इसलिए हमें लड़ाई को सीधे पाकिस्तान ले जाना पड़ा। बाद में, अमेरिका ने मई 2011 में उत्तरी पाकिस्तान के शहर एबटाबाद में ओसामा बिन लादेन का पता लगाया। 2 मई को अमेरिकी विशेष बलों ने उसके सुरक्षित घर पर छापेमारी के दौरान उसे मार गिराया।

# रूस ने यूक्रेन के कई हिस्सों में मिसाइल और ड्रोन से किया हमला

## चार लोगों की मौत, 16 घायल



**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच संघर्षविराम की कोशिशों के बीच रूसी सेना ने यूक्रेन के कई हिस्सों में ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। इन हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हुए। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजधानी कीव में बैलिस्टिक मिसाइल हमले के दौरान दो लोगों की मौत हुई और नौ घायल हुए।

### 'जर्मनी-यूके को छूट, भारत पर निशाना क्यों?'

# सभा में पीयूष गोयल की पश्चिमी नेताओं को हिदायत

**बर्लिन।** रूस से तेल खरीद को लेकर और अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की चर्चा के बीच केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डायलॉग सम्मेलन में शुक्रवार को पश्चिमी देशों करारा जवाब दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब जर्मनी खुद ही अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट मांग रहा है और ब्रिटेन को पहले ही मिल चुका है, तो भारत को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। गोयल की ये बात सुनकर वहां मौजूद यूके की ट्रेड मंत्री क्रिस ब्रायंट ने कहा कि उनकी छूट केवल रॉसनेफ्ट की एक सहायक कंपनी के लिए है।

ऐसे में गोयल ने पलटवार करते हुए कहा कि भारत के पास भी तो रॉसनेफ्ट की एक सहायक कंपनी है, फिर हमें क्यों? उनकी बात सुनकर बैठक में नेता कुछ देर के लिए चुप रह गए। गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत अपनी आर्थिक नीतियों में स्वतंत्र और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखता है और किसी बाहरी दबाव में समझौता नहीं करेगा।



गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय आई जब अमेरिका और उसके सहयोगी भारत पर रूस से सस्ता तेल खरीदने को लेकर दबाव बढ़ा रहे हैं। पिछले महीने ट्रंप प्रशासन ने भारत के कुछ उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाकर कुल टैरिफ लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। भारत ने इसे अनुचित और अन्यायपूर्ण करार दिया है।

### प्रतिबंध लगाकर क्या हासिल करना चाहता है अमेरिका?

बता दें कि रूस तेल से खरीद को लेकर अमेरिका लगातार प्रतिबंधों की धमकी दे रहा है। कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड का मानना है कि भारत जैसे देशों पर दबाव डालने से रूस कमजोर होगा और यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर मजबूर होगा, जबकि हाल ही में यूरोपीय संघ ने तीन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए और अमेरिका ने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों रॉसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए।

### भारत अपनी स्वतंत्र नीति पर चलता है: गोयल

इस दौरान पीयूष गोयल ने इस बात भी जोर दिया कि भारत हमेशा से ही अपनी स्वतंत्र व्यापार नीति पर चलता है और हमारे लिए हमारा राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि हम कभी किसी डेडलाइन या ह्यसिर पर तनी बंदूक के दबाव में समझौता नहीं करेंगे। गोयल ने दो टूक अंदाज में कहा कि अगर कोई टैरिफ लगाए, तो लगाए। हम नए बाजार खोज रहे हैं, घरेलू मांग मजबूत कर रहे हैं और दीर्घकालिक लचीलापन विकसित कर रहे हैं।

### 'बाहरी दबाव में व्यापार समझौता नहीं करेंगे'

गोयल ने भरोसा जताया कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है, 1.4 अरब युवा देश की ताकत हैं, और देश किसी दबाव में आकर कमजोर या अल्पकालिक सौदे नहीं करेगा। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया कि भारत किसी भी बाहरी दबाव या समयसीमा में व्यापार समझौते नहीं करेगा।

### भारत की आर्थिक रणनीति साझा की

इसके साथ ही बातचीत के दौरान पीयूष गोयल ने भारत की आर्थिक नीति भी साझा की, जिसमें अगले 20झ25 वर्षों में देश को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। गोयल ने कहा कि भारत अपने व्यापार समझौतों को विश्वास और रिश्तों पर आधारित करता है, न कि बाहरी दबावों पर। गौरतलब है कि वर्तमान में यूरोपीय संघ और अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है और प्रस्तावित भारत और अमेरिका समझौते का लक्ष्य 2030 तक 500 अरब डॉलर व्यापार है।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान तनाव पर बातचीत का दूसरा दौर आज तुर्किये में



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी तनाव को देखते हुए दोनों देशों के अधिकारियों के बीच सीमा तनाव कम करने और अफगान जमीन से होने वाली आतंकी गतिविधियों को रोकने के लिए बातचीत का दूसरा दौर आज (शनिवार) तुर्किये के इस्तांबुल में होने जा रहा है। यह बैठक कतर और तुर्किये की मध्यस्थता में आयोजित की जा रही है। इससे पहले दोनों देशों के बीच बातचीत का पहला दौर 19 अक्तूबर को दोहा (कतर) में हुआ था, जिसके बाद सीमा पर अस्थायी शांति बहाल हुई थी। उस बैठक में दोनों पक्षों ने सहमति जताई थी कि अगली वार्ता 25 अक्तूबर को इस्तांबुल में होगी, ताकि आपसी सुरक्षा चिंताओं को सुलझाने की दिशा में बातचीत आगे बढ़ाई जा सके।

### क्या चाहता है पाकिस्तान?

बता दें कि पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने शुक्रवार को पुष्टि की कि तय कार्यक्रम के अनुसार वार्ता होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चाहता है कि आतंकी गतिविधियों की निगरानी के लिए एक ठोस और सत्यापनीय निगरानी तंत्र बनाया जाए, ताकि अफगानिस्तान की धरती से पाकिस्तान पर हो रहे हमलों को रोका जा सके और निर्दोष लोगों की जानें बचाई जा सकें।

अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान एक जिम्मेदार देश है और क्षेत्र में शांति व स्थिरता चाहता है। हमारा मकसद तनाव बढ़ाना नहीं है। उन्होंने अफगान तालिबान प्रशासन से आग्रह किया कि वे आतंकी संगठनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करें, विशेष रूप से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के खिलाफ।

### शांति की राह में अहम कदम

हालांकि इन सबके बीच पहली दोहा बैठक को पाकिस्तान ने शांति की दिशा में पहला सकारात्मक कदम बताया था और कतर व तुर्किये के रचनात्मक सहयोग की सराहना की थी। ऐसे में अब नजरें इस्तांबुल बैठक पर हैं, जहां दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली और आतंकवाद पर संयुक्त कार्रवाई को लेकर कठोर फैसले लिए जा सकते हैं।

### अफगानिस्तान भी बैठक को लेकर तैयार

वहीं अफगान अंतरिम सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने भी इस्तांबुल वार्ता की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अफगान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गृह मंत्रालय के उपमंत्री मौलवी रहमतुल्लाह नजीब करेंगे। मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान के साथ बाकी बचे मुद्दों पर इस बैठक में चर्चा की जाएगी।

### तालिबान कब्जे के बाद बढ़े हमले

गौरतलब है कि अगस्त 2021 में तालिबान के काबुल पर कब्जे के बाद से पाकिस्तान में आतंकी हमलों की नई लहर देखी जा रही है। पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी के आतंकियों को अफगान धरती से हमला करने की अनुमति दी जा रही है, लेकिन अफगान प्रशासन इस पर ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा।

दोनों देशों के बीच 2,611 किलोमीटर लंबी ड्यूरंड रेखा को लेकर भी विवाद जारी है। अफगानिस्तान इसे आधिकारिक सीमा नहीं मानता, जिससे अक्सर सीमा झड़पें और गोलीबारी की घटनाएं होती हैं।

# ट्रंप का एशिया दौरा शुरू: आठ साल बाद आसियान सम्मेलन में होंगे शामिल

## चीन के साथ व्यापार पर चर्चा की उम्मीद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार रात वॉशिंगटन से निकलकर पांच दिवसीय एशिया यात्रा पर रवाना हुए। इस यात्रा में वह मलयेशिया, जापान और दक्षिण कोरिया जाएंगे। यह जनवरी में पद संभालने के बाद उनकी पहली एशिया यात्रा है और अब तक की सबसे लंबी विदेश यात्रा है। उनकी यात्रा का सबसे अहम पड़ाव महीने के अंत में होगा, जिसमें वह दक्षिण कोरिया में होने वाले एपेक सम्मेलन में चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से मुलाकात कर सकते हैं। इस बैठक में व्यापार और ताइवान मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद है।

ट्रंप का यह दौरा चीन के साथ तनाव कम करने, दक्षिण कोरिया की व्यापारिक चिंताओं पर चर्चा करने और दक्षिण-पूर्व एशिया में शांति स्थापित करने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।



### क्या ट्रंप की मुलाकात शी जिनपिंग से होगी?

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट के मुताबिक, ट्रंप गुरुवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। हालांकि दोनों नेताओं की बातचीत किन मुद्दों पर होगी, इसे लेकर अभी अटकलें लगाई जा रही हैं।

एपेक शिखर सम्मेलन में यह बैठक सबसे चचाओं में से बनी रह सकती है। दोनों देशों के नेताओं के बीच वार्ता से उम्मीद है कि अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव को कम किया जा सकेगा, जो दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहा है।

ट्रंप ने हाल ही में संकेत दिया था कि वह चीन से आने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ (आयात शुल्क) को घटाने पर विचार कर सकते हैं, लेकिन इसके बदले में उन्होंने बीजिंग से कुछ रियायतों की मांग की है। इनमें अमेरिकी सोयाबीन की खरीद दोबारा शुरू करना और फेंटानिल ड्रग बनाने में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक पदार्थों की आपूर्ति पर रोक लगाना शामिल है। अगर व्यापारिक तनाव नहीं घटा, तो यह अमेरिकी उद्योगों को और नुकसान पहुंचा सकता है, जो पहले ही ट्रंप की नीतियों से प्रभावित हैं। दोनों नेता ताइवान के मुद्दे पर भी चर्चा कर सकते हैं, क्योंकि यह चिंता बनी हुई है कि शी जिनपिंग के दबाव में ट्रंप ताइवान के प्रति वॉशिंगटन के समर्थन पर नरम रुख अपना सकते हैं।



### क्या दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए व्यापारिक सौदे होंगे?

अमेरिकी राष्ट्रपति रविवार को मलयेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आसियान सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। यह सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है, जब आसियान के 10 देशों ने पिछले वर्ष अमेरिका को 312 अरब डॉलर का निर्यात किया, जो 2017 में 142 अरब डॉलर था। ट्रंप 2017 के बाद पहली बार आसियान शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वहां उनकी मुलाकात वियतनाम और थाईलैंड के नेताओं से होगी। चर्चा का केंद्र बिंदु अमेरिका के व्यापार घाटे को घटाना रहेगा, जिसमें इन दोनों देशों की बड़ी भूमिका है।

### क्या एक और 'संघर्ष' का अंत होगा?

व्यापारिक मुद्दों के अलावा, ट्रंप की मलयेशिया यात्रा का एक राजनयिक मकसद भी हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, वह थाईलैंड और कंबोडिया के बीच जुलाई में हुए खूनी संघर्ष के बाद बनाए गए अस्थायी युद्धविराम को मजबूत करने की दिशा में प्रगति देखना चाहते हैं। अगर इस दिशा में कोई समझौता सफल होता है, तो ट्रंप इसे दुनिया के मंच पर 'शांति दूत' के रूप में अपनी भूमिका दिखाने के अवसर के रूप में पेश कर सकते हैं।

# स्नातक क्षेत्र में सिर्फ 1375 फार्म, शिक्षक क्षेत्र से मात्र 38 – डीएम बोले, दल अब जागें





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधान परिषद के मेरठ खंड स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची बनाने में उम्मीद से कम फार्म मिलने पर प्रशासन ने चिंता जताई है।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि अब तक स्नातक क्षेत्र से 1375 और शिक्षक क्षेत्र से केवल 38 फार्म प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इतनी कम संख्या गंभीर है और सभी राजनीतिक दलों को अपने स्तर से पात्र मतदाताओं को जोड़ने के लिए 6 नवंबर तक विशेष अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया तभी सशक्त बनेगी जब अधिक से अधिक स्नातक और शिक्षक इसमें भाग लेंगे। बैठक में बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रतिनिधियों में मनोज कुमार जाटव, आनंद चन्द्रेश, सुभाष चन्द्र शर्मा, ताहिर हुसैन, हरेंद्र कुमार कसाना, इस्माइल खां, सुमित देशबन्धु और त्रिफूल सिंह शामिल रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों में उप जिलाधिकारी मोदीनगर अजीत सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अरुण दीक्षित, उप जिलाधिकारी लोनी दीपक सिंघनवाल, अपर उप जिलाधिकारी विराग पांडेय और तहसीलदार मोदीनगर रजत उपस्थित रहे। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी दलों से कहा कि वे निर्वाचन में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि जिले की उपस्थिति मेरठ खंड के अन्य जनपदों की तुलना में बेहतर दिखाई दे।

# हिंडन छठ घाट पर श्रद्धालुओं के साथ नगर आयुक्त ने किया मां गंगा का पूजन, नारियल फोड़ कर की गई पर्व की शुरुआत

## छठ घाटों पर तैयारियां पूर्ण, जिम्मेदारी के साथ-साथ अधिकारियों में श्रद्धा भाव : नगर आयुक्त

- स्वच्छता के साथ मनाया जाएगा छठ पर्व, श्रद्धालुओं ने लिया संकल्प
- हिंडन घाट सहित सभी घाटों पर गंगाजल के टैंकरों की कराई जाएगी व्यवस्था





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा छठ पर्व की तैयारी पूर्ण कर ली गई है, जिसमें अंतिम चरण की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। पुरबिया जन कल्याण परिषद के सदस्यों द्वारा हिंडन छठ घाट पर मां गंगा के पूजन का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा पूजा में सम्मिलित होकर की गई। मंत्र उच्चारण से पूजन विधि विधान से प्रारंभ हुआ जिसमें नगर आयुक्त द्वारा नारियल फोड़ कर पर्व की शुरुआत की। सभी उपस्थित जनों ने स्वच्छता के साथ पर्व मनाने के लिए संकल्प लिया।

मौके पर नगर आयुक्त द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों सहित चल रहे कार्यों की तैयारी को भी देखा गया तथा तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए जिसमें गंगाजल आने के बाद घाट पर व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए भी निर्देशित किया, चल रही तैयारी के बारे में विस्तार से उपस्थित श्रद्धालुओं को जानकारी भी दी गई तथा स्वच्छता के साथ पर्व मनाने के लिए अपील की गई।

हिंडन छठ घाट पर 10 गंगाजल के टैंकर की व्यवस्था करने तथा अन्य समस्त छठ घाटों पर भी गंगाजल टैंकर की व्यवस्था करने के लिए महा प्रबंधक जल को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त ने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग को छठ पर्व के दौरान तथा समापन के उपरांत भी सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। व्यवस्थाओं को देखते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं ने गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों की प्रशंसा की। राष्ट्रीय महासचिव राकेश तिवारी द्वारा नगर आयुक्त के नेतृत्व में चल रही कारों के लिए धन्यवाद भी किया गया। साथ ही बताया इस वर्ष पिछले वर्ष से अधिक व्यवस्था और अधिक बेहतर की गई है तथा छठ पर्व को महापर्व बनाने में गाजियाबाद नगर निगम टीम का विशेष योगदान मिल रहा है, उपस्थित जनों ने सराहना की। मौके पर रीता सिंह अध्यक्ष, विनोद अकेला, मनोज व साधु राम भी उपस्थित रहे। गंगाजल के गाजियाबाद आगमन पर प्रसन्नता जाहिर की गई तथा मित्रों के साथ पूजन संपन्न हुआ।



नगर आयुक्त द्वारा विस्तार से तैयारी के बारे में जानकारी देते समय, आकर्षक लेजर शो का भी जिक्र किया जो कि तीसरी बार हिंडन घाट पर आयोजित किया जाएगा। लेजर शो के माध्यम से छठ पर्व की महत्वता को भी बताया जाएगा तथा संगीतमय प्रस्तुति होगी, विस्तार से बताया गया। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छ पर्व मनाने के लिए जन-जन को जागरूक किया जा रहा है। हिंडन छठ घाट पर स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कई होर्डिंग भी लगाए गए है। कुशल नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम अधिकारी जिम्मेदारी के साथ-साथ श्रद्धा भाव से भी छठ पर्व में जुड़े हुए दिखाई दे रहे हैं जो कि सराहनीय है।

# गाजियाबाद में बाहर से ताला लगे फ्लैट में लगी आग मां और बेटी झुलसी, पति की भूमिका संदिग्ध



**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे तुलसी निकेतन के एक फ्लैट में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे फ्लैट को अपने काबू में कर लिया। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से मां और बेटी बुरी तरह झुलस गई है। आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है। लेकिन माना जा रहा है कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी।

साहिबाबाद स्टेशन से दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से 32 साल की महिला और इनकी 6 साल की बच्ची 60 प्रतिशत से अधिक झुलस गईं। पुलिस ने दोनों को दिल्ली के जीटीबी में भर्ती कराया है, जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। थाना टीला मोड़ के तुलसी निकेतन में फ्लैट नंबर 61। में शुक्रवार देर रात करीब 2 बजकर 30 मिनट पर आग लगी। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फ्लैट के बाहर ताला बंद था और अंदर से धुआं निकल रहा था। पुलिस की मदद से ताला तोड़कर जब अंदर प्रवेश किया गया तो देखा गया कि कमरे में रखा फ्रिज जल रहा था और पूरे मकान में धुआं फैला हुआ था। फ्रिज का कंप्रेशर भी जल रहा था। पुलिस पति की भूमिका को संदेह मानकर जांच कर रही है।

घायल महिला की पहचान सब्बी परवीन उर्फ पिंकी (32 वर्ष) पत्नी मोहम्मद जाकिर के रूप में हुई, जबकि बच्ची का नाम साइना परवीन (6 वर्ष) बताया गया। यह परिवार दो दिन पूर्व ही इस फ्लैट में किराए पर शिफ्ट हुआ था। मोहम्मद जाकिर बुलंदशहर का रहने वाला है। जाकिर ऑटो चालक है। अंदर तलाशी ली गई तो एक महिला और एक छोटी बच्ची फर्श पर अचेत अवस्था में मिलीं। दोनों के कपड़े भी जल चुके थे। चेहरा, हाथ और पैर झुलस गए। दोनों बेहोशी की हालत में मिलीं। जहां दोनों की हालत नाजुक है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र से एस.बी. सिंह व जगत प्रकाश शर्मा ने दिया इस्तीफा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के मध्य स्थित जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र – जो वर्षों से खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है – में शनिवार को एक अहम बदलाव हुआ। केंद्र से जुड़े पदाधिकारियों एस.बी. सिंह और जगत प्रकाश शर्मा ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। दोनों पदाधिकारियों ने अपने त्यागपत्र संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल (मेंदीवाले) को सौंपे।

राजेन्द्र मित्तल ने जानकारी देते हुए कहा कि संस्था में खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए जल्द ही नई समिति का गठन और विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवा केंद्र के मैदान को आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जाएगा ताकि यहां नियमित खेल प्रशिक्षण की व्यवस्था हो सके। इससे गाजियाबाद के युवा खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन कर सकेंगे।

# छठ पर्व पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम घाटों पर निगरानी बढ़ाई गई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शनिवार को सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन की एडवाइजरी जारी करते हुए सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

प्राधिकरण ने कहा है कि श्रद्धालु केवल निर्धारित और सुरक्षित घाटों पर ही पूजा करें। पानी की गहराई और फिसलन का ध्यान रखें तथा बच्चों और बुजुर्गों को अकेला न छोड़ें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 या नियंत्रण कक्ष को सूचना देने को कहा गया है। नशे की हालत में या थकान की स्थिति में पानी में उतरने से बचने की अपील की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अंधेरे या अनधिकृत घाटों पर पूजा करना, धक्का-मुक्की, सेल्फी लेना या आतिशबाजी जैसी गतिविधियाँ सख़्त रूप से वर्जित रहेंगी।

भीड़ प्रबंधन के लिए घाटों पर प्रवेश और निकास मार्ग अलग-अलग रखे जाएंगे। पुलिस, होमगार्ड, गोताखोर और स्वयंसेवक दल लगातार निगरानी में रहेंगे। घाटों पर पर्याप्त प्रकाश, बैरिकेडिंग और रस्सी की व्यवस्था की जा रही है। वहीं एम्बुलेंस, चिकित्सा दल और फायर सर्विस को अलर्ट पर रखा गया है।

प्राधिकरण ने कहा कि पर्व के दौरान लाउडस्पीकरों से दिशा-निर्देश और जनसंदेश लगातार प्रसारित किए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी समय पर मिल सके। प्राधिकरण की अपील है कि श्रद्धालु प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और पर्व को शांति, अनुशासन एवं आपसी सहयोग के साथ संपन्न करें।

## छठ पूजा की रौनक, गाजियाबाद के बाजारों में खरीदारी तेज





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों के चलते गाजियाबाद के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की चहल-पहल बढ़ गई है। शहर के प्रमुख बाजारों जैसे घंटाघर, संजय नगर, और पुराना बस अड्डा पर छठ पूजा से सम्बंधित सामानों, खासकर फल, ईख (गन्ना), बांस के सूप और टोकरियों की दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। व्रती और उनके परिवार के लोग पूजा के लिए आवश्यक सामग्री जैसे नारियल, सिंघाड़ा, नींबू, मिट्टी के दीये और नए वस्त्रों की खरीदारी कर रहे है।

# कैलाश मानसरोवर भवन का संचालन निजी एजेंसी से, मांस-मदिरा पर पूरी तरह रोक

## जून से सितंबर यात्रा अवधि में भवन केवल यात्रियों के लिए आरक्षित रहेगा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** धार्मिक आस्थाओं से जुड़े कैलाश मानसरोवर भवन के संचालन को लेकर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने बड़ा निर्णय लिया है। भवन का रख-रखाव और संचालन अब निजी एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा, जो उत्तर प्रदेश धर्मार्थ कार्य विभाग की गाइडलाइन के अनुरूप काम करेगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि इसके लिए तैयार की गई रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल पूरी तरह धार्मिक विभाग की शर्तों के अनुसार है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भवन परिसर में किसी भी प्रकार के मांस या मदिरा के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वत्स ने बताया कि चयनित एजेंसी को संचालन का अधिकार 15 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा, और शर्तों के पालन की स्थिति में इसे अगले 15 वर्षों के लिए नवीनीकृत किया जा सकेगा। निजी एजेंसी को भवन का संचालन, रख-रखाव और आवश्यक सेवाओं की जिम्मेदारी दी जाएगी, जबकि जीडीए समय-समय पर अनुपालन की निगरानी करेगा।

प्राधिकरण ने यह भी स्पष्ट किया है कि जून से सितंबर तक चलने वाले कैलाश मानसरोवर यात्रा काल के दौरान भवन की बुकिंग आम लोगों के लिए नहीं की जा सकेगी। यह अवधि केवल कैलाश मानसरोवर यात्रियों के लिए आरक्षित रहेगी। इसके अतिरिक्त समय में परिसर में सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन स्थानीय निवासियों के सहयोग से किए जा सकेंगे। भवन परिसर में पर्याप्त पार्किंग और ठहरने की व्यवस्था उपलब्ध है, जिससे बड़े आयोजनों को भी सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सकेगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गाजियाबाद दौरे के दौरान हुई समीक्षा बैठक में ही कैलाश मानसरोवर भवन का संचालन जीडीए के माध्यम से कराने के निर्देश दिए गए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में जीडीए और धर्मार्थ कार्य विभाग के बीच एमओयू साइन किया गया, जिसके बाद विभाग ने भवन का औपचारिक हस्तांतरण (हैंडओवर) प्राधिकरण को कर दिया है।

**मुख्य बातें:**
- कैलाश मानसरोवर भवन का संचालन निजी एजेंसी करेगी, 15 साल की अवधि तय।
- धर्मार्थ विभाग की गाइडलाइन के अनुसार परिसर में मांस-मदिरा पर पूर्ण प्रतिबंध।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद एमओयू साइन कर भवन जीडीए को सौंपा गया।

# पार्षद राजकुमार भाटी ने छठ पूजा के लिए घाट की सफाई कराई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली के वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार भाटी ने छठ पूजा को लेकर घाट की सफाई कराई है, जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा कि घाट की सफाई और मरम्मत का काम पूरा हो गया है, जिससे श्रद्धालु आराम से पूजा-अर्चना कर सकेंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे घाट पर स्वच्छता और शांति बनाए रखें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।



पार्षद राजकुमार भाटी ने बताया कि घाट पर साफ पानी और फूलों की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना करने में कोई परेशानी नहीं होगी। पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा कि छठ का महापर्व एक ऐसा पर्व है जहां मैया सबकी मुराद पूरी करती हैं। यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया की उपासना के लिए मनाया जाता है। छठी मैया को संतान प्राप्ति की देवी माना जाता है और उनकी पूजा करने से संतान की रक्षा और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

छठ पर्व के दौरान लोग सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं और छठी मैया की पूजा करते हैं। यह पर्व चार दिनों तक चलता है और इसमें नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य२ शामिल हैं। छठी मैया की कथा के अनुसार, वह सूर्य देव की बहन हैं और ब्रह्माजी की मानस पुत्री हैं। उनकी पूजा करने से संतान की प्राप्ति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# राजनगर एक्सटेंशन के नूरनगर में विकसित होगी नई आवासीय योजना

## 17,872 वर्ग मीटर भूमि पर तैयार खाका





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनसीआर में खुद का घर बनाने का सपना देखने वालों के लिए खुशखबरी है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने नई आवासीय योजना की घोषणा की है, जिसके तहत 77 भूखंड उपलब्ध कराए जाएंगे। योजना राजनगर एक्सटेंशन के नूरनगर क्षेत्र में लगभग 17,872 वर्ग मीटर भूमि पर विकसित की जाएगी। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि इस योजना में 60 वर्ग मीटर से 221 वर्ग मीटर तक के प्लॉट शामिल होंगे, ताकि हर वर्ग के लोग अपनी जरूरत और बजट के अनुसार भूखंड ले सकें। उन्होंने कहा कि योजना का नक्शा और निर्माण खाका तैयार कर लिया गया है तथा विकास कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

अगले सप्ताह से स्थल पर सड़क, नाली और सीवर लाइन का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। इसके लिए लगभग 305 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है, जबकि इन कार्यों के बाद लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से विद्युतीकरण कराया जाएगा। अतुल वत्स ने बताया कि प्रस्तावित योजना क्षेत्र की स्थिति अत्यंत अनुकूल है। यहां से एलिवेटेड रोड सहित शहर के मुख्य हिस्सों तक बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध है। योजना में चौड़ी सड़कें, पार्क और ग्रीन एरिया भी प्रस्तावित किए गए हैं, जिससे इसे पूर्णतः सुनियोजित और पर्यावरणीय दृष्टि से संतुलित कॉलोनी के रूप में विकसित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जीडीए की यह पहल उन लोगों के लिए एक बड़ा अवसर है जो एनसीआर में सुरक्षित, सुविधाजनक और नियोजित आवासीय भूखंड की तलाश में हैं।

**मुख्य बातें:**

**स्थान:** नूरनगर, राजनगर एक्सटेंशन (17,872 वर्ग मीटर भूमि)

**संख्या:** 77 भूखंड – 60 से 221 वर्ग मीटर तक के आकार में

**विकास कार्य:** 305 लाख से सड़क, नाली, सीवर; 1 करोड़ से विद्युतीकरण

**विशेषता:** पार्क, चौड़ी सड़कें, ग्रीन एरिया और बेहतर कनेक्टिविटी

# साहिबाबाद को कब मिलेगा सरकारी अस्पताल: अरविंद चौधरी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद वसुंधरा निवासियों के साथ धोखा हुआ है, जब वसुंधरा में सरकारी अस्पताल बनने की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। पूर्व पार्षद अरविंद चौधरी ने कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधि जनता की हित की परवाह नही कर रहे है।

उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद वसुंधरा में आज तक एक भी सरकारी अस्पताल नहीं है, जो सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात है।

अरविंद चौधरी ने सरकार और प्रशासन से मांग है कि वसुंधरा में जल्द से जल्द एक सार्वजनिक (सरकारी) अस्पताल बनाया जाए और क्षेत्र की बेटियों के लिए एक उच्च स्तरीय डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाए, ताकि उन्हें दूर जाकर पढ़ने की मजबूरी न रहे। अरविंद चौधरी नेबखा कि वसुंधरा में सरकारी अस्पताल की मांग लंबे समय से की जा रही है। वसुंधरा सेक्टर-7 में एम्स का सैटेलाइट सेंटर बनेगा, जिसके लिए 10 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। यह अस्पताल ट्रांस-हिंडन की 35 लाख आबादी को काफी राहत देगा।

# सर्राफा व्यापार मंडल ने दीपावली पर शांति बनाए रखने पर पुलिस प्रशासन को दी बधाई

**लोनी (करंट क्राइम)।** दीपावली के पावन पर्व पर प्रशासन की सतर्कता से लोनी में शान्ति का माहौल रहा। कहीं कोई किसी तरह की घटना नही हुई। इस कार्य से प्रभावित होकर सर्राफा एसोशिएशन ने पुलिस प्रशासन का आभार प्रकट कर बधाई दी। सर्राफा एसोशिएशन के अध्यक्ष प्रेमपाल वर्मा ने बताया कि दीपावली के शुभ अवसर पर पुलिस ने लोनी वासियों का मनोवल ही नहीं उन्हें दीपों का त्योहार दीपावली को मनाने में पूर्ण सुरक्षा प्रदान की। कहीं किसी तरह की घटना नही हुई। सर्राफा व्यापार मंडल समिति ने पुलिस प्रशासन का आभार प्रकट कर बधाई दी।